


राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ




वर्ष 14, अंक 289 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये दुर्ग, मंगलवार 26 अगस्त 2025 www.samaydarshan.in

## संक्षिप्त समाचार

### अब वॉट्सएप-ईमेल पर मिलेगा कोर्ट का समन और वारंट, सरकार ने लागू किया नया नियम

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने समन और गिरफ्तारी वारंट की तामील को लेकर बड़ा बदलाव किया है। अब अदालत का समन और वारंट लोगों को मोबाइल पर व्हाट्सएप और ईमेल के जरिए भेजा जा सकेगा। इसके लिए सरकार ने दिल्ली बीएनएसएस (समन और वारंट की तामील) नियम, 2025 अधिसूचित कर दिए हैं। जानकारी के मुताबिक, सरकार के इस फैसले से मिनटों में समन की डिलीवरी संभव हो जाएगी और समय व कागजी प्रक्रिया की बचत होगी। इस अधिसूचना को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना पहले ही मंजूरी दे चुके हैं। नई व्यवस्था के तहत अदालतों द्वारा जारी समन और वारंट पर जज की डिजिटल मुहर और हस्ताक्षर होंगे। पुलिस संबंधित व्यक्ति को ईमेल या व्हाट्सएप पर यह नोटिस भेजेगी। यदि तकनीकी कारणों से ऑनलाइन तामील संभव नहीं होती, तो कोर्ट हार्ड कॉपी देने का निर्देश दे सकेगी।

### दहेज के लिए विवाहिता की हत्या, बेटे के सामने पति ने पत्नी को लगाई आग

**नोएडा।** नोएडा में दहेज के लिए एक शख्स ने बेटे के सामने पत्नी को जिंदा जला दिया। महिला की शादी 9 साल पहले हुई थी। आरोपी पति अपनी पत्नी पर घरवालों से 35 लाख रुपए लाने का दबाव बना रहा था, लेकिन महिला ने मना कर दिया। इसके बाद महिला के पति और उसकी सास ने उसे लात-घूसों से पीटा। इतना ही नहीं पति ने उस पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। महिला की बहन ने बीच बचाव की कोशिश की तो तो आरोपी ने उसे भी पीट दिया। आग की चपेट में आने के बाद पड़ोस को लोगों ने कंबल डालकर आग बुझाई और पीड़िता को अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने महिला की हालत देखते हुए दिल्ली के अस्पताल रैफर कर दिया। वहीं 22 अगस्त को महिला की मौत हो गई। महिला की बहन की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर 23 अगस्त को पति को गिरफ्तार कर लिया।

### पुतिन ही नहीं.. जेलेंस्की भी करेंगे भारत का दौरा

**नई दिल्ली।** भारत की रणनीतिक कूटनीति एक बार फिर वैश्विक मंच पर चर्चा का विषय बन गई है। एक ओर भारत रूस के साथ पारंपरिक मित्रता को मजबूत कर रहा है, तो दूसरी ओर यूक्रेन के साथ भी संतुलित और सहयोगी संबंधों की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी के चलते रूस और यूक्रेन—दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के इस साल भारत दौरे की संभावनाओं ने अमेरिका की बेचैनी को और बढ़ा दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर नाराजगी जाहिर करते हुए अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया है। यह कदम भारत और रूस के बीच गहराते संबंधों के जवाब के रूप में देखा जा रहा है।

पीएम सीएम से जुड़े बिल पर अमित शाह का बड़ा दावा

# पीएम मोदी अपने खिलाफ ही लाए संविधान संशोधन...शाह

नई दिल्ली/ एजेंसी

130वें संविधान संशोधन विधेयक पर विपक्ष के हंगामे के बीच, गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री ने ही इस प्रस्तावित कानून के अंतर्गत प्रधानमंत्री कार्यालय को लाने पर ज़ोर दिया था। हाल ही में संपन्न संसद के मानसून सत्र के दौरान, शाह ने एक विधेयक पेश किया जिसमें प्रस्ताव दिया गया था कि अगर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को गंभीर अपराधों के लिए 30 दिनों से ज़्यादा की जेल हुई है, तो उन्हें पद से हटाया जा सकता है। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने खुद इसमें प्रधानमंत्री पद को शामिल किया है... इससे पहले इंदिरा गांधी 39वां संशोधन (राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष को भारतीय अदालतों द्वारा न्यायिक समीक्षा से बचाने के लिए) लेकर आई थीं... नरेंद्र मोदी जी अपने खिलाफ ही एक संवैधानिक संशोधन लाए हैं कि अगर प्रधानमंत्री जेल गए तो उन्हें इस्तीफा देना होगा। उन्होंने आगे कहा कि आज इस देश में एनडीए के मुख्यमंत्रियों की संख्या ज़्यादा है। प्रधानमंत्री भी एनडीए से ही हैं। इसलिए यह विधेयक सिर्फ़ विपक्ष के लिए ही सवाल नहीं उठाता। यह हमारे मुख्यमंत्रियों के लिए भी सवाल उठाता है... इसमें 30 दिनों की ज़मानत का प्रावधान है। विधेयक पेश किए जाने के दौरान, लोकसभा में विपक्ष ने इस विधेयक को असंवैधानिक करार देते हुए विरोध प्रदर्शन किया और आरोप



लगाया कि यह सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने, गैर-भाजपा मुख्यमंत्रियों को फंसाने, उन्हें जेल में डालने और राज्य सरकारों को अस्थिर करने का एक तरीका है। संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 का हवाला देते हुए, शाह ने पूछा कि क्या ऐसे संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों का जेल से शासन करना उचित है। दरअसल विपक्ष ने अमित शाह पर आरोप लगाए हैं और सोहराबुद्दीन एनकाउंटर मामले में जेल जाने के लिए शाह की नैतिकता पर सवाल उठाए। न्यूज एजेंसी एएनआई के साथ बातचीत में अमित शाह ने इसका जवाब देते हुए कहा कि 'जैसे ही मुझे सीबीआई से समन मिला, मैंने अगले ही दिन इस्तीफा दिया और मुझे बाद में गिरफ्तार किया गया। यह मामला चलता रहा और फैसले में भी कहा गया कि यह राजनीतिक प्रतिशोध का मामला था और मैं पूरी तरह से बेगुनाह था। फैसला बाद में आया, लेकिन मुझे जमानत पहले मिल गई। इसके बावजूद मैंने शपथ नहीं ली। इतना ही नहीं जब तक मुझे पूरी तरह से बरी नहीं कर दिया गया, मैंने कोई संवैधानिक पद भी नहीं लिया। विपक्ष मुझे कौन सा नैतिकता का पाठ पढ़ाना चाहता है यह पूछे जाने पर कि क्या जस्टिस आफ्ताब आलम उनके घर आए थे हस्ताक्षर लेने? इस पर अमित शाह ने इन आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि 'नहीं ऐसा नहीं हुआ था।

### 'संविधान निर्माताओं ने इसकी कल्पना भी नहीं की होगी

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि हमारे संविधान निर्माताओं ने भी कल्पना नहीं की होगी कि हमारे देश में सीएम जेल से सरकार चलाएंगे। उन्होंने कहा 'अदालत भी इस कानून की गंभीरता को समझती है। जब किसी सीएम या मंत्री को 30 दिन में पद से हटाया जाएगा तो उससे पहले अदालत तय कर सकती है कि उस व्यक्ति को जमानत मिलेगी या नहीं। जब अरविंद केजरीवाल जेल में थे और मामला उच्च न्यायालय चला गया था तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए था। उच्च न्यायालय ने भी कहा था कि केजरीवाल के नैतिक आधार पर इस्तीफा देना चाहिए, लेकिन मौजूदा कानून में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। मेरी पार्टी का मानना है कि देश के प्रधानमंत्री और किसी भी सीएम को जेल में रहते हुए सरकार नहीं चलानी चाहिए। जब संविधान बनाया गया था तो संविधान निर्माताओं ने कल्पना भी नहीं की होगी कि एक मुख्यमंत्री जेल जाएगा और जेल से ही सरकार चलाएगा।'

रविशंकर प्रसाद का राहुल गांधी पर हमला

## क्या निर्वाचन आयोग तभी सही है जब कांग्रेस जीतती है

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद के तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने रविवार को दावा किया कि वे ''बेशर्मी'' से झूठ फैला रहे हैं और निर्वाचन आयोग के खिलाफनिराधार आरोप लगा रहे हैं। पटना में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि गांधी इन आरोपों के जरिए लोगों को ''गुमराह'' करने की कोशिश कर रहे हैं।उन्होंने आरोप लगाया, ''राहुल गांधी और तेजस्वी यादव लगातार संवैधानिक संस्थाओं पर हमला कर रहे हैं। वे प्रधानमंत्री के खिलाफजिस तरह की का इस्तेमाल कर रहे हैं, वह



अस्वीकार्य है। वे बेशर्मी से झूठ फैला रहे हैं और निराधार आरोप लगा रहे हैं। प्रसाद ने पूछा, ''2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में 37 सीट जीतीं, भाजपा ने 33 और कांग्रेस ने छह सीट हासिल कीं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर परोक्ष रूप से हमला

## धनखड़ के अप्रत्याशित इस्तीफ़े पर बढ़ा सियासी पारा,शाह के बयान पर जयराम का बड़ा दावा...

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा सोमवार को दिए गए बयान के बाद कि विपक्ष को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे पर हंगामा नहीं करना चाहिए, इस कहानी में और भी कुछ हो सकता है। कांग्रेस नेता ने धनखड़ की मानदंडों, शिष्टाचार और प्रोटोकॉल का पालन करने और किसानों के कल्याण तथा न्यायिक जवाबदेही के लिए निडर होकर बोलने के लिए प्रशंसा की। ङ्क पर एक पोस्ट में, रमेश ने कहा कि आज गृह मंत्री ने और भी कुछ कहने की कोशिश की है। लेकिन उन्होंने केवल रहस्य को और बढ़ा दिया है। इस बात का कोई स्पष्टीकरण नहीं है कि किसानों के हितों की वकालत करने वाले अदम्य और उत्साही धनखड़ एक महीने से भी अधिक समय से पूरी तरह से संपर्क से बाहर क्यों हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने एएनआई को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा दिया और विपक्ष के इस दावे को खारिज कर दिया कि वह घर में नज़रबंद हैं। शाह ने कहा कि धनखड़ साहब का त्यागपत्र अपने आप में स्पष्ट है। उन्होंने अपने इस्तीफे के लिए स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया है। उन्होंने अपने अच्छे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री, अन्य मंत्रियों और सरकार के सदस्यों के प्रति हार्दिक आभार भी व्यक्त किया है। धनखड़ ने 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए पद छोड़ दिया था, लेकिन



कांग्रेस नेता के अनुसार, पूर्व उपराष्ट्रपति के अप्रत्याशित इस्तीफे के पीछे और भी बहुत कुछ है। रमेश ने कहा कि जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई, 2025 की रात को अचानक और अप्रत्याशित रूप से भारत के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया। यह अभूतपूर्व था। एक दिन बाद, प्रधानमंत्री ने केवल उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए, कांग्रेस नेता ने लिखा, इस्तीफ़े का यह पूरा प्रकरण वास्तव में विचित्र है और यह दर्शाता है कि त्2 कैसे काम करता है। इस बीच, शाह ने धनखड़ के इस्तीफ़े को ज़्यादा तूल न देने की चेतावनी देते हुए कहा, हमें इस सबका बतंगड़ नहीं बनाना चाहिए। उन्होंने लोगों से धनखड़ की संवैधानिक भूमिका और उनके पद छोड़ने के फ़ैसले का सम्मान करने का आग्रह किया।

दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्रीय सूचना आयोग का आदेश पलटा

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिग्री नहीं होगी सार्वजनिक-हाईकोर्ट

नई दिल्ली/ एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को केंद्रीय सूचना आयुक्त के उस आदेश को रद्द करते हुए कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्नातक की डिग्री का विवरण सार्वजनिक करने के लिए बाध्य नहीं है, जिसमें डिग्री जारी करने का निर्देश दिया गया था। 2016 में केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने 1978 में बीए की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सभी छात्रों के अभिलेखों के निरीक्षण की अनुमति दी थी, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी यह परीक्षा उत्तीर्ण की थी। दिल्ली विश्वविद्यालय ने



सीआईसी के आदेश को चुनौती दी थी, जिस पर जनवरी 2017 में सुनवाई की पहली तारीख को रोक लगा दी गई थी। सुनवाई के दौरान, विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने तर्क दिया कि आरटीआई आवेदन पर सीआईसी के आदेश को रद्द कर दिया जाना चाहिए क्योंकि निजता का अधिकार जानने के अधिकार से अधिक महत्वपूर्ण है। दिल्ली विश्वविद्यालय ने तर्क दिया कि वह छात्रों की जानकारी को एक प्रत्ययी क्षमता में रखता है और व्यापक जनहित के अभाव में केवल जिज्ञासा के आधार पर आरटीआई कानून के तहत निजी जानकारी मांगने का औचित्य नहीं बनता। विश्वविद्यालय ने तर्क दिया, धारा 6 में यह अनिवार्य प्रावधान है कि जानकारी देनी होगी, यही उद्देश्य है। लेकिन आरटीआई अधिनियम किसी की जिज्ञासा को शांत करने के उद्देश्य से नहीं है।

### तेजस्वी यादव की नीति में सिर्फ क्राइम और करप्शन: नित्यानंद

**पटना।** महाराष्ट्र में राजद नेता और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव पर एफआईआर दर्ज होने के बाद बिहार की सियासत गरमा गई है। इस मामले को लेकर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने तेजस्वी यादव पर जुबानी हमला किया। नित्यानंद राय ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव हमेशा गरीबों के मसीहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग करते हैं, जिससे बिहार की जनता की भावनाएं आहत होती हैं। प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से बिहार के लगभग ढाई से तीन करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। ऐसे में गरीबी मिटाने वाले प्रधानमंत्री को भ्रष्टाचार और अपराध में लिप्त नेता द्वारा अपशब्द कहना, गरीबों को ठेस पहुंचाना ।

पीएम सीएम से जुड़े बिल मामले

## संजय राउत बोले-जेपीसी में भाग नहीं लेगी शिवसेना यूबीटी सांसद

नई दिल्ली/ एजेंसी

शिवसेना यूबीटी ने सोमवार को घोषणा की कि वह संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) में भाग नहीं लेगी। पार्टी सांसद संजय राउत ने यह घोषणा की। एक्स पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में, शिवसेना यूबीटी सांसद ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार लोकतंत्र और निर्वाचित सरकारों को कुचलने के लिए इस विधेयक को लाद रही है। सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि मोदी सरकार लोकतंत्र और जनता द्वारा चुनी गई सरकार को कुचलने



के लिए 130वां संविधान संशोधन ला रही है। इस विधेयक की समीक्षा के लिए गठित जेपीसी महज एक नौटंकी है। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे स्पष्ट करते हैं कि शिवसेना ऐसी किसी जेपीसी में भाग नहीं लेगी। संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को स्वत: पद से हटाने का प्रस्ताव है, यदि उन्हें पाँच साल या उससे अधिक कारावास की सजा वाले आरोपों में लगातार 30 दिनों तक गिरफ्तार और हिरासत में रखा जाता है। विधेयक को विस्तृत जाँच के लिए संयुक्त संसदीय समिति के पास भेज दिया गया है, जिसमें संसद के दोनों सदनों के 31 सदस्य शामिल हैं। यह समिति विधेयक की जाँच करेगी और मतदान से पहले अपनी सिफ़ारिशें देगी। एएनआई को दिए एक साक्षात्कार में, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विश्वास व्यक्त किया है।

12 में से आठ जिलों में स्कूल और कॉलेज बंद कर दिए गए

# हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया

शिमला/ एजेंसी

हिमाचल प्रदेश में मध्यम से भारी बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश के मद्देनजर राज्य के 12 में से आठ जिलों में स्कूल और कॉलेज बंद कर दिए गए हैं, जबकि तीन राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 685 सड़कें बंद हैं। स्थानीय मौसम कार्यालय ने सोमवार को कांगड़ा और चंबा जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की आशंका जताते हुए 'रेड अलर्ट' जारी किया है और लोगों से सतर्क रहने को कहा है। मौसम कार्यालय ने 31 अगस्त तक राज्य में भारी बारिश का 'येलो अलर्ट' भी जारी किया है। लाहौल और स्पीति जिले के ऊंचाई वाले इलाके शिपकिला में मौसम की पहली बर्फबारी की भी खबरें हैं। भरमौर के अतिरिक्त जिलाधिकारी (एडीएम) कुलदीप सिंह राणा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि बारिश और भूस्खलन के मद्देनजर मणिमहेश यात्रा स्थगित कर दी गई है। यात्रा 17 अगस्त को शुरू हुई थी और 15 सितंबर को समाप्त होगी। कांगड़ा जिले में वार्ड संख्या एक और दो के जलमग्न होने और वाहनों के पानी में तैरने की खबरें हैं, जबकि हमीरपुर में भारी बारिश के बाद एक तहसील कार्यालय में पानी घुस गया। शिमला जिले के टूटीकंडी इलाके में एक घर की दीवार गिर गई। अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश की चेतावनी के मद्देनजर बिलासपुर, हमीरपुर, मंडी, कांगड़ा, कुल्लू, चंबा, ऊना और सोलन जिलों में आवासीय संस्थानों को छोड़कर सभी शिक्षण संस्थान बंद कर दिए गए हैं।



पिछले दो दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण विभिन्न गांवों में कई सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं जिससे संपर्क टूट गया है। कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज बैरवा द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि एहतियात के तौर पर आवासीय संस्थानों को छोड़कर सभी सरकारी और निजी शैक्षणिक, तकनीकी संस्थान, कॉलेज, विश्वविद्यालय और आंगनवाड़ी सोमवार को बंद रहेंगे। मौसम विभाग ने सोमवार के लिए भारी बारिश की चेतावनी जारी की है जिसमें भूस्खलन, अचानक बाढ़, पेड़ों के उखड़ने, सड़कें अवरुद्ध होने और अन्य संबंधित खतरों का संकेत दिया गया है, जो जान-माल और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं। अन्य सात जिला प्रशासनों द्वारा भी इसी तरह के आदेश जारी किए गए हैं। राज्य के कई हिस्सों में रविवार शाम से भारी से बहुत भारी बारिश हुई, जिसमें बिलासपुर जिले के काहू में 190.5 मिलीमीटर, जोत में 159.2 मिलीमीटर, बिंथन में 156.4 मिलीमीटर, नैना देवी में 148.4 मिलीमीटर, घाघस में 148 मिलीमीटर, बिलासपुर में 140.8 मिलीमीटर, भटियात में 140.2 मिलीमीटर, मलरांव में 120 मिलीमीटर, अंब में 111 मिलीमीटर, अघार में 110.6 मिलीमीटर और बंगाणा में 104 मिलीमीटर बारिश हुई। वहीं, रायपुर मैदान में 98.2 मिलीमीटर, घमरूर में 95.8 मिलीमीटर, भरवाईं में 94.4 मिलीमीटर।

### फरिश्ता बनी सेना के जवान, 41 लोगों को सुरक्षित निकाला

बाढ़ की वजह से हालात चिंता जनक हैं। कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क कट चुका है, लोग अपने घरों में कैद होने को मजबूर हैं। वहीं, ग्रामीणों के लिए सेना देवदूत बनकर सामने आई। 17 राजपुताना राइफल्स की बाढ़ राहत टुकड़ी ने बड़ा डांढला कस्बे से महिलाओं और बच्चों सहित 41 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस लेते हुए सेना का आभार जताया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कलिंगा विश्वविद्यालय ने किया राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक जितेंद्र गेंदले का सम्मान



**मुंगेली( समय दर्शन )**मुंगेली जिला अंतर्गत विकास खण्ड पथरिया ब्लॉक के ग्राम पंचायत गोइन्द्री निवासी एवं ग्राम पंचायत गोइन्द्रा के शासकीय प्राथमिक शाला गोइन्द्रा में पदस्थ शिक्षा के क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट कार्य, समर्पण और नवाचार के लिए ख्याति प्राप्त राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक जितेंद्र गेंदले को कलिंगा विश्वविद्यालय, रायपुर में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह 2025 में सम्मानित किया गया।विश्वविद्यालय के भव्य सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आर्यवीर आर्य (संस्थापक एवं महासचिव, गोल्फफेडरेशन ऑफइंडिया) तथा डॉ. संदीप गांधी (कुल सचिव, कलिंगा विश्वविद्यालय) उपस्थित रहे। इस अवसर पर दोनों अतिथियों ने गेंदले को साल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

**कलिंगा विश्वविद्यालय की विकास यात्रा पर प्रकाश–** कार्यक्रम की शुरुआत में कलिंगा विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. संदीप गांधी ने 2013 से अब तक की विश्वविद्यालय की उपलब्धियों एवं शैक्षणिक प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने विश्वविद्यालय की विकास यात्रा को विस्तार से बताया और आने वाले समय की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला।

**शिक्षकों से प्रेरणादायी आह्वान–** गोल्फ फेडरेशन ऑफइंडिया के संस्थापक एवं महासचिव आर्यवीर आर्य ने छत्तीसगढ़ के शिक्षकों से आह्वान किया कि वे राज्य की शैक्षिक उन्नति में तन–मन–धन से योगदान देते रहें। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का समर्पण ही विद्यार्थियों के भविष्य और समाज की दिशा तय करता है।

**जितेंद्र गेंदले का आभार–** अपने सम्मान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक जितेंद्र गेंदले ने कलिंगा विश्वविद्यालय का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि उन सभी ग्रामीण बच्चों का है, जिनकी प्रतिभा को निखारने के लिए वे सदैव प्रयासरत रहते हैं।

### जिला अस्पताल मेडिकल बोर्ड की बैठक 03 सितम्बर को

**मुंगेली(समय दर्शन)**जिला चिकित्सालय में प्रत्येक बुधवार आयोजित होने वाली जिला मेडिकल बोर्ड की बैठक को 03 सितम्बर को आयोजित किया जाएगा। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि 27 अगस्त बुधवार को शासकीय अवकाश होने के कारण उक्त बैठक 03 सितम्बर को आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्रातः 10 बजे से दोहपर 12.30 बजे तक शारीरिक फिटनेस प्रमाण पत्र हेतु पंजीयन कार्य किया जाएगा।

### संस्कार सिटी कॉलेज में विश्व आदिवासी दिवस पर संगोष्ठी व राखी प्रतियोगिता




**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला में विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी एवं राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा के मार्गदर्शन में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रशिक्षणार्थी नागेश्वरी ने मां सरस्वती वंदना एवं आदिवासी गीत की प्रस्तुति दी। इसके बाद बीएड प्रशिक्षणार्थियों द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें भावना चन्द्रवंशी ने आदिवासी इतिहास, मनीष कुमार ने संवैधानिक दर्जा, जया चंद्रवंशी ने आदिवासी रहन-सहन, डिम्पल कोमरे ने खान-पान एवं पारंपरिक व्यंजन, धर्मिता पैकरा ने छत्तीसगढ़ की सम्पन्न संस्कृति विषय पर सारगर्भित विचार रखे। साथ ही जनजातियों की विविधता, त्योहार, गोदना, आदिवासी श्रृंगार, काष्ठ शिल्प एवं सरदूल पर्व जैसे पहलुओं पर भी प्रशिक्षणार्थियों ने प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के अगले चरण में राखी बनाओ प्रतियोगिता हुई। इसमें डीएलएड की प्रशिक्षणार्थी दामिनी व विनीता ने प्रथम तथा फनेश्वरी व देविका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समापन सत्र में श्रीमती सुरवी भट्टाचार्य ने संबोधित करते हुए कहा कि अनेकता में एकता ही हमारी संस्कृति की पहचान है, आदिवासी परंपराओं और संस्कृति को बचाना व आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर कॉलेज के सभी सहायक प्राध्यापक एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

# हसौद थाना में गणेश उत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

### साइबर सेल की जानकारी देकर पुलिस ने किया जागरूक

**सक्ती हसौद,7समय दर्शन** // आज दिनांक 25 अगस्त 2025: सक्ती जिले के हसौद थाना परिसर में आज गणेश उत्सव के मद्देनज़र शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, व्यापारीगण, पत्रकार, शांति समिति सदस्य एवं थाना प्रभारी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक का उद्देश्य गणेश उत्सव को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना था। थाना प्रभारी के निर्देश पर



एएसआई बीसोहन चंद्रा ने सभी से अपील की कि वे पर्व को आपसी भाईचारे और सहयोग के साथ मनाएं। साथ ही, किसी भी प्रकार की अफवाह या अप्रिय घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की बात कही गई।

इस अवसर पर पुलिस विभाग द्वारा साइबर सेल की भी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि बढ़ते साइबर अपराध को देखते हुए प्रत्येक नागरिक को जागरूक रहने की आवश्यकता है। सोशल मीडिया पर भ्रामक, भड़काऊ या आपत्तिजनक सामग्री साझा करने से बचने की सलाह दी गई। किसी भी संदिग्ध लिंक, कॉल या मैसेज पर प्रतिक्रिया न देने तथा पासवर्ड जैसी निजी जानकारी सुरक्षित रखने के उपाय बताए गए।

पुलिस ने यह भी बताया कि साइबर संबंधी किसी भी शिकायत के लिए स्थानीय थाना या साइबर हेल्पलाइन 1930 से तत्काल संपर्क किया जा सकता है।

बैठक में उपस्थित लोगों ने पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना की और पर्व के सफल आयोजन में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

इस अवसर प्रमुख रूप से हसौद जनपद सदस्य विजय केशी हसौद सरपंच प्रतिनिधि कैलाश बंजारे धमनी सरपंच प्रतिनिधि दीपक मधुकर सरपंच प्रतिनिधि अमोदा ब्रिज राम पटेल हसौद उपसरपंच प्रतिनिधि शिवम जयसवाल रितेश साहू पत्रकार योगेंद्र साहू प्रेमदास महंत नीरज महंत छोटू यादव सागर खूंटे राजू साहू राजू कश्यप सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# रजत जयंती वर्ष 2025 : केन्द्रीय राज्य मंत्री ने नेत्रदान पखवाड़ा रथ को किया रवाना

### 08 सितंबर तक शिविर लगाकर की जाएगी नेत्र जांच

**मुंगेली( समय दर्शन )** रजत जयंती वर्ष 2025 के अवसर पर जिले में विभिन्न विभागों द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला चिकित्सालय के अंधत्व निवारण समिति के द्वारा जिले में 08 सितम्बर तक नेत्रदान पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने जिला कलेक्टोरेट परिसर से नेत्रदान पखवाड़ा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रथ के माध्यम से लोगों को नेत्रदान शिविर की जानकारी दी जाएगी और लाभ उठाने जागरूक किया जाएगा। शिविर में लोगों की नेत्र जांच की जाएगी और




आंख संबंधी बीमारियों का उचित ईलाज किया जाएगा। इस दौरान कलेक्टर कुन्दन कुमार, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# लोगो से भरी बोलेरो गाड़ी सड़क से सीधा खेत में गिरा , मची चिखपुकार

**सारंगढ़ ( समय दर्शन ) –** बताया जा रहा है सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र रायगढ़ रोड ग्राम पंचायत हिर्री के पास एक बोरले कार खेत में जा पलटा है जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई बताया जा रहा है गाड़ी में 9 लोग बैठें थे और अचानक गाड़ी अनियंत्रित होकर खेत में जा पलटा है वहीं घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों इकठ्ठा हुए और ग्रामीणों की मदद से तुरंत घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला गया जिसमें कई लोगों को चोट आई है वहीं एक महिला गाड़ी नीचे दब गई थी जिसको बाहर निकाला गया और कुछ समय बाद उनकी मौत हो गई वही घटना की जानकारी जैसे ही सिटी कोतवाली को मिली घटना स्थल पहुंचकर घायलों की इलाज के लिए एंबुलेश मुहैया कराकर उन्हें सरकारी अस्पताल सारंगढ़ लाया गया है वहीं आखिर घटना कैसे घटी इसकी जांच पुलिस कर रही फिलहाल मिली जानकारी अनुसार किसी वाहन को बचाते हुए गाड़ी अनियंत्रित होकर खेत में जा पलटा है असल कारण क्या है इसकी पुष्टि पुलिस जांच में होगा



फिलहाल गाड़ी और सवार लोग बसना ब्लॉक के भंवरपुर का बताया जा रहा है चंद्रपुर जा रहे थे फिलहाल एक महिला की मौत हुई है महिला की बॉडी को पीएम के लिए भेजा गया है वहीं घटना के बाद मौके से ड्राइवर फरार है

# गजेंद्र यादव को केबिनेट मंत्री बनाए जाने पर यादव समाज में हर्ष, छग ठेठवार यादव महासभा ने किया मंत्री का ऐतिहासिक स्वागत

**पाटन ( समय दर्शन )।** राज्य सरकार के केबिनेट में यादव समाज को प्रतिनिधित्व देते हुए दुर्ग शहर के विधायक और ठेठवार यादव समाज के संरक्षक गजेंद्र यादव की केबिनेट में शामिल किया गया है। जिसके बाद से छत्तीसगढ़ में पूरा यादव समाज में काफी हर्ष का माहौल हैं । रविवार को ठेठवार यादव समाज राजिम महासभा के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी दुर्ग पहुंचे। हजारों कीं संख्या में यादव समाज के प्रतिनिधियों ने मंत्री गजेंद्र यादव का ऐतिहासिक स्वागत किया। पाटन राज से भी समाज के पूर्व उपाध्यक्ष और मीडिया प्रभारी बलराम यादव ( पत्रकार) के नेतृत्व ने स्वागत किया गया। इस दौरान पाटन आगमन का आमंत्रण भी मंत्री गजेंद्र यादव को दिया गया। इस अवसर पर पारंपरिक यादव वेशभूषा, खुमरी पहनाकर और फुंदरा वाले लाठी भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर गुलेन्द्र यादव प्रदेश अध्यक्ष यादव ठेठवार समाज, हरिश यादव प्रदेश उपाध्यक्ष,परमानंद यादव प्रदेश अध्यक्ष प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ, नरोत्तम यदु प्रदेश महासचिव, पुष्कर यादव प्रदेश कोषाध्यक्ष,बसंत यादव प्रदेश संगठन मंत्री,बलराम यादव प्रदेश सलाहकार,नवीन यदु रोम शंकर यादव प्रदेश प्रवक्ता,डा रविनारायण यदु अभिषेक यादव,महेश ठेठवार,



राज कुमार यादव अध्यध दुर्ग राज,अमन यादव, ललित यादव, हरिशंकर,जनक यादव,मुकेश यादव, गोविंद लखन यादव,जय प्रकाश यादव,रिवेन्द्र यादव,सतीश , भुनेश्वर यादव ,होमलाल दिलहरण,कृष्णा मोहन जगेश,मेघराज, नरेंद्र, राजेन्द्र,जयंत , बीरेंद्र,पुखराज, वसुंधरा यादव,सरोज यदु,अशोक यादव,नंदझरोखा, उपेन्द्र यादव,रितेश ,बंटी , नरसिंह, जितेन्द्र यदु,भागी राम ,बिहारी लाल,गौरव , संतोष यदु,हीरा राम,हरिराम,देवेन्द्र यादव,पिंटा यादव,,नरेश, हरिराम यदु,राम जीवन , नवीन यदु,लव यदु ,मनीष करण ,नंदकिशोर , यशवंत, नंदकिशोर,साधू यादव, मिथलेश सत्यवान, धर्मेन्द्र , दुष्यंत, संतोष यादव एवं सामाजिक जन उपस्थित थे। उक्त जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने दी है।

# किकिरदा में पंचायत सचिव नदारद

### हाईलाइट करिये मैं पंचायत में रहना नहीं चाहता इसलिए जाता नहीं - सचिव

**जांजगीर //समय दर्शन** //ग्राम पंचायत किकिरदा में सचिव की लगातार अनुपस्थिति ने ग्रामीणों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। पंचायत कार्यालय का ताला रोज ग्रामीणों के सब्र का इम्तिहान ले रहा है। ग्राम के एक बुजुर्ग निवासी ने बताया हम किसी भी काम से पंचायत जाते हैं तो वहां ताला लटका रहता है। सचिव महीनों में कभी–कभार दिखते हैं। सचिव की इस लापरवाही से जन्म प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, पेंशन आवेदन, मनरेगा भुगतान जैसे जरूरी काम अटक गए हैं। कई ग्रामीण सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए चक्कर काट–काटकर थक चुके हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सचिव की हाजिरी पर सख्त निगरानी रखी जाए और बिना




कारण अनुपस्थित रहने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। अगर हालात ऐसे ही रहे, तो गांव का विकास ठप पड़ जाएगा और ग्रामीणों की समस्याएं और बढ़ेगी।

**जनप्रतिनिधियों का नहीं उठाते फोन,न लेते हैं मासिक बैठकड–**वहीं पंचायत के पंचो ने बताया कि सचिव कीर्तन चन्द्रा फोन नहीं उठाते,कार्यालय से हमेशा नदारद रहते हैं,वहीं सचिव द्वारा दुर्व्यवहार किया जाता है,सचिवों को जब मासिक बैठक लेने बोला जाता है तो जहां शिकायत करना है करो मैं बैठक नहीं लूंगा मुझे इस पंचायत में रहना नहीं बोला जाता है। साथ ही ग्रामीणों से भी दुर्व्यवहार किया जाता है।

मुझे पंचायत में रहना नहीं इसलिए मैं बैठक नहीं ले रहा,जो करना है कर सकते हो,बिल्कुल हाईलाइट करिये जो छापना है छापिये इससे मैं फेमस होऊंगा

**कीर्तन लाल चन्द्रा**
**सचिव ग्राम पंचायत**
**किकिरदा**

# शिकायतकर्ता को बिना सूचना दिये फुड इंस्पेक्टर ने कर दिया जांच, जांच में उठने लगे सवाल

**बिर्रा समय दर्शन** //बसंतपुर पीडीएस दुकानों में लाखों रुपये के चावल शक्कर गबन मामलें कि जांच शिकायतकर्ता को सूचना दिये बिना ही रविवार को फुड इंस्पेक्टर द्वारा गुपचुप तरीके से कर दिया गया,अब फुड इंस्पेक्टर के जांच सवालों के घेरे में हैं। गौरतलब हो कि बम्हनीडीह ब्लॉक के बिर्रा,बसंतपुर पीडीएस दुकानों में लाखों रुपये के चावल, शक्कर का गबन किया गया हैं,इसकी शिकायत कलेक्टर,जिला खाद्य अधिकारी से कि गई थी वही इसकी खबर हमने प्रमुखता से प्रकाशित किया जिसपर प्रशासन हरकत में आया और फुड इंस्पेक्टर सुनील विश्वकर्मा द्वारा रविवार को गुपचुप तरीके से जांच कर मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं पूरे मामले की शिकायत अब शिकायतकर्ता द्वारा पुनः कलेक्टर,जिला खाद्य अधिकारी से उसकी उपस्थिति में जांच कराने कि मांग कि जायेगी।

**शिकायतकर्ता को बिना सूचना जांच**




**कैसे,फुड इंस्पेक्टर कि संलिप्तता–** वही फुड इंस्पेक्टर सुनील विश्वकर्मा के जांच पर शिकायतकर्ता ने आपत्ति दर्ज कराई है,शिकायतकर्ता योगेन्द्र साहू ने बताया कि बिना सूचना पीडीएस दुकानों में लाखों रुपये के चावल,शक्कर के गबन मामला का जांच फुड इंस्पेक्टर सुनील विश्वकर्मा द्वारा किया गया,जांच में क्या हुआ,कितना कमी पाया गया किसी भी प्रकार कि जानकारी नहीं दी जा रही,बिना सूचना जांच कर पीडीएस संचालक को बचाने का प्रयास किया जा रहा है,वही उनके द्वारा गोलमाल जवाब देते हुए मामले कि जानकारी एसडीएम को देने कि बात कहीं लेकिन पूरे मामले की जानकारी अब तक एसडीएम को दी ही नही गई है,इसकी शिकायत पुनः कलेक्टर,जिला खाद्य अधिकारी कि जायेगी।

वही मामले में फुड इंस्पेक्टर कि संलिप्तता कि बात भी सामने आ रही है। खाद्य विभाग द्वारा अप्रैल–मई महीनें में ही फुड इंस्पेक्टरों को दुकानवर पहुंचकर बायोमेट्रिक के आधार पर भौतिक सत्यापन का आदेश दिया था,जिसमें सभी पीडीएस दुकानों में जाकर फुड इंस्पेक्टरों ने बायोमेट्रिक के आधार पर भौतिक सत्यापन किया था,अब सवाल यह उठता है कि जब पीडीएस दुकान बिर्रा और बसंतपुर में लाखों रुपये के चावल,शक्कर का गबन का आरोप लग रहा है तो यहां बिना चावल,शक्कर के फुड इंस्पेक्टर ने भौतिक सत्यापन किया कैसे कही न कही फुड इंस्पेक्टर की संलिप्तता इसमें नजर आ रहीं हैं।यही कारण है कि मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

वर्जन

**फुड इंस्पेक्टर – सुनील विश्वकर्मा**

रिपोर्टर – पीडीएस दुकान बिर्रा,बसंतपुर कि जांच आपके द्वारा कि गई ?

फुड इंस्पेक्टर – पीडीएस दुकानों का जांच मेरे द्वारा किया गया है,खाद्यन्ना का कमी पाया गया है।

रिपोर्टर – कितने चावल,शक्कर का कमी पाया गया है ?

फुड इंस्पेक्टर :– रिपोर्ट बनाकर एसडीएम को पुछकर आधा घंटा में जानकारी देता हूं।

इसके बाद फुड इंस्पेक्टर द्वारा कितनी कमी पाई गई इसकी जानकारी नहीं दी गई।

मामले कि जानकारी फुड इंस्पेक्टर द्वारा नहीं दी गई है,जांच प्रतिवेदन आने पर कार्यवाही कि जायेगी

पवन कोसमा (एसडीएम चांपा)

**शिकायतकर्ता**

बिना सूचना रविवार को फुड इंस्पेक्टर द्वारा गुपचुप तरीके से पीडीएस दुकानों का जांच किया गया है,जिससे फुड इंस्पेक्टर कि जांच सवालों के घेरे में हैं,मामले कि शिकायत कलेक्टर,जिला खाद्य अधिकारी से कि जायेगी

**योगेन्द्र साहू ( शिकायतकर्ता )**

### मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेवता पर प्रदेशभर से आई माताओं-बहनों का किया गया आत्मीय स्वागत

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव : महिला सम्मेलन एवं तीजा-पोरा महोत्सव का भव्य आयोजन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेवता पर राजधानी रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आज छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्योहार तीजा-पोरा धूमधाम से मनाया गया। 'विष्णु भइया' के नेवता पर आयोजित इस भव्य आयोजन में शामिल होने के लिए प्रदेशभर से बड़ी संख्या में महिलाएँ पहुँचीं। प्रदेश सरकार के मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों ने माताओं-बहनों का आत्मीय स्वागत किया और उन्हें उपहार स्वरूप साड़ी, श्रृंगार सामग्री और छत्तीसगढ़ी कलेवा भेंट किया गया। मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने उपस्थित माताओं-बहनों को तीजा पर्व की शुभकामनाएँ दीं। महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि तीजा छत्तीसगढ़ में नारी शक्ति के मान, सम्मान और दृढ़ निश्चय का महत्वपूर्ण पर्व है। निर्जला व्रत रखकर अपने पति-परिवार की सुरक्षा और समृद्धि की कामना करने वाली सभी माताओं-बहनों को उन्होंने सरकार की ओर से



शुभकामनाएँ दीं। श्री साव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय के नेवता पर माताओं-बहनों की इतनी बड़ी संख्या में उपस्थिति स्वयं इस पर्व के महत्व को सिद्ध करती है। उन्होंने कहा कि तीजा के आते ही माताओं-बहनों के मन में प्रसन्नता छा जाती है। भाई-भतीजा के तीजा लिवाने आने की प्रतीक्षा रहती है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार छत्तीसगढ़ महतारी के मान, सम्मान और गौरव को बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रदेश की 70 लाख से अधिक माताओं-बहनों को प्रतिमाह एक हजार रुपए की राशि मिल रही है। इससे वे आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं और घर-परिवार को संचालित करने में पति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हैं। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु आगे भी ऐसी योजनाएँ लाती रहेगी।

कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने भी तीजा-पोरा पर्व की बधाई दी और कहा कि यह अवसर सभी तीजहारिन बहनों के लिए बहुत विशेष है। यह पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं के लिए खुशी, एकजुटता और आत्मीयता का प्रतीक है। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि तीजा धार्मिक, सामाजिक और प्राकृतिक सामंजस्य का पर्व है। माता-बहनें परिवार को जोड़कर स्वर्ग समान बनाए रखने का कार्य करती हैं। सुहागन महिलाएँ निर्जला व्रत रखकर अपने पति की दीर्घायु की कामना करते हुए शिव-पार्वती की पूजा करती हैं। सावन में खेत-खलिहान हरे-भरे हो जाते हैं, जिनमें गाय-बैलों की अथक मेहनत का योगदान होता है। इसी मेहनत से हमारे धान के कोठार भरते हैं। कार्यक्रम में मौजूद पूर्व सांसद श्रीमती सरोज पांडेय ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर पंडवानी गायिका पद्मश्री श्रीमती उषा बारले और लोकगायिका कुमारी आरु साहू को स्मृतिचिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्रम एवं उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन, विधायक श्री सुनील सोनी, श्री इंद्र कुमार साव, श्री अनुज शर्मा, केश शिल्पी बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती मोना सेना, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष श्री अमरजीत छाबड़ा, खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव, रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे। महिला सम्मेलन में महतारियों का उत्साह, तीजहारिन बहनों ने लगवाई मेंहदी

**तीजा-पोरा के नेवता के लिए 'विष्णु भइया' का जताया आभार-** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के भाई के रूप में दिए गए नेवता पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित महिला सम्मेलन एवं तीजा-पोरा तिहार में बड़ी संख्या में माताओं-बहनों ने भाग लिया। यहाँ लगाए गए स्टॉल गुलजार रहे।

## फिल्म मासूम का हुआ भव्य ऐलान, छत्तीसगढ़ी सिनेमा को मिलेगी पहली सस्पेंस थ्रिलर क्राइम फिल्म....




**रायपुर।** आकृति फिल्म हाउस ने छत्तीसगढ़ी सिनेमा जगत में एक नया अध्याय जोड़ते हुए अपनी आगामी फिल्म मासूम की औपचारिक घोषणा कर दी है। लेखक-निर्देशक सागर पंडा के निर्देशन में बनने वाली यह फिल्म छत्तीसगढ़ी सिनेमा की पहली सस्पेंस थ्रिलर क्राइम फिल्म होगी, जो दर्शकों को रहस्य और रोमांच की एक नई दुनिया में ले जाएगी।

फिल्म का भव्य टाइटल लॉन्च और प्रेस वार्ता कार्यक्रम 23 अगस्त को निजी भवन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी फिल्म से दिग्गज निर्देशकों, कलाकारों और मीडिया जगत की हस्तियों ने शिरकत की। इस अवसर पर फिल्म के निर्देशक सागर पंडा ने बताया, यह फिल्म सिर्फ मनोरंजन तक ही सीमित नहीं रहेगी, बल्कि छत्तीसगढ़ी संस्कृति, समाज और मानवीय भावनाओं को एक बिल्कुल नई दृष्टि से प्रस्तुत करेगी। फिल्म के निर्माता दीपक जैसवाल और सह-निर्माता धीरज पटेल हैं। फिल्म की स्टार कास्ट भी काफी दमदार है, जिसमें नायक की भूमिका में सुपरस्टार राज वर्मा और नायिका के रूप में रीतिका यादव नजर आएंगी। बाल कलाकार की महत्वपूर्ण भूमिका समृद्धि पंडा निभाएंगी।

फिल्म के अन्य प्रमुख कलाकारों में पुष्पेंद्र सिंह, संजय महानंद, क्रांति दीक्षित, गुंजन अग्रवाल, दिव्या नागदेव, जीत शर्मा, पूरन किरी, तरुण बघेल, हर्षवर्धन, अंशुल चौबे, और कीर्ति प्रकाश जायसवाल जैसे मंझे हुए कलाकार अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरेंगे। फिल्म की तकनीकी टीम में क्रिएटिव निर्देशक आदि कश्यप, डीओपी अनुराग निर्मलकर और संगीत निर्देशक विवेक शर्मा शामिल हैं।

## मेकाहारा परिसर से बाइक पार

**रायपुर।** मेकाहारा परिसर स्थित आंबेडकर मुर्ति के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी उत्तम दीप 33 वर्ष बैरनबाजार कोतवाली का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केएक्स 6245 को मेकाहारा परिसर स्थित आंबेडकर मुर्ति के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## गोपाल स्नैक्स ने तीन नए उत्पादों के लॉन्च के साथ उत्पादन श्रृंखला का विस्तार किया

**राजकोट :** भारत में संगठित पारंपरिक स्नैक्स (नाश्ता) क्षेत्र की अग्रणी कंपनी, गोपाल स्नैक्स लिमिटेड ने अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करने और उपभोक्ताओं की बदलती पसंद को पूरा करने की रणनीति के तहत तीन नए उत्पाद लॉन्च किए हैं। ये तीन नए उत्पाद ङ्क जीरा पापड़, हॉट व्हील्स और कटक मटक हॉट बुल ङ्क पूरे भारत में उपलब्ध होंगे। जीरा पापड़ 5 की किफायती कीमत पर उपलब्ध है। 25त्न अतिरिक्त के साथ प्रत्येक 16 ग्राम पैक में 20 ग्राम उत्पाद मिलता है, जो ग्राहकों को बेहतर मूल्य प्रदान करने के प्रति गोपाल स्नैक्स की प्रतिबद्धता दर्शाता है। हाल ही में पेश किए गए हॉट व्हील्स के 20 ग्राम के पैक की कीमत 5 है और इसके साथ एक खिलौना मुफ्त दिया जाता है। प्रत्येक पैक में न केवल स्वादिष्ट नाश्ता होता है, बल्कि इसमें एक सरप्राइज़ फ्री खिलौना भी शामिल है, जो इसे मजेदार और संग्रहणीय उत्पाद बनाता है। तीसरा उत्पाद कटक मटक हॉट बुल है, जो




एक्सट्रूडेड स्नैक्स सेगमेंट में एक नया स्वाद जोड़ता है। यह गोपाल स्नैक्स के पोर्टफोलियो के सबसे मसालेदार उत्पादों में से एक है। युवा और आकर्षक पैकेजिंग वाले इस 45 ग्राम पैक की कीमत 10 होगी, जिसका उद्देश्य अलग स्वाद चाहने वाले युवाओं को आकर्षित करना है। गोपाल स्नैक्स के पूर्णकालिक निदेशक और सीईओ राज हदवानी ने कहा - गोपाल स्नैक्स में हमारा लक्ष्य उपभोक्ताओं की ज़रूरतों को पूरा करना है। हमारे नए उत्पाद स्नैकिंग के अनुभव को मज़ेदार बनाते हैं और कुछ अलग तलाश रहे ग्राहकों को एक नया और दमदार स्वाद प्रदान करते हैं। साथ ही यह किफायती दामों पर गुणवत्ता और स्वाद उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हैं। गोपाल स्नैक्स एक क्षेत्रीय पसंदीदा से राष्ट्रीय ब्रांड के रूप में विकसित हुआ है। वर्तमान में यह 320 से अधिक यूनिक वेराइटी में 85 से ज़्यादा उत्पाद प्रदान करता है। इसकी विस्तृत उत्पाद श्रृंखला में पारंपरिक नमकीन, स्नैक पेलेट, ग्रोसरी, मसाले और पश्चिमी शैली के नमकीन व्यंजन शामिल हैं। ये सभी उत्पाद आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए प्राचीन भारतीय व्यंजनों के सार को संरक्षित रखते हुए बनाए जाते हैं।

## ड्रग्स नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई: एमडीएमए के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** रायपुर पुलिस ने ड्रग्स तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में पुलिस ने 27.58 ग्राम एमडीएमए (ड्रग्स), एक सोनेट कार, 85,300 रुपये नगद, तौल मशीन और 5 मोबाइल फोन जब्त किए। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 20 लाख रुपये आंकी गई है।

**कहां हुई कार्रवाई**

यह ऑपरेशन थाना गंज क्षेत्र के देवेंद्र नगर ओवरब्रिज के नीचे, रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क के पास चलाया गया। यहां पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को पकड़ा।

**गिरफ्तार आरोपी**

हर्ष आहूजा, 23 वर्ष, निवासी कटोरा तालाब, थाना सिविल लाइन रायपुर

मोनू विश्नोई, 29 वर्ष, निवासी नंथला, जिला हिसार (हरियाणा)

दीप धनोरिया, 41 वर्ष, निवासी समृद्धि फ्लैट, खम्हारडीह रायपुर



**कैसे पकड़े गए आरोपी**

पुलिस की संयुक्त टीम ने चारपहिया वाहन (सोनेट कार) को चिन्हांकित कर तलाशी ली। कार में बैठे तीनों आरोपियों के पास से ड्रग्स बरामद हुआ। पूछताछ में मोनू विश्नोई ने बताया कि वह दिल्ली से एमडीएमए लेकर रायपुर आया था और इसे हर्ष आहूजा व दीप धनोरिया को सप्लाई करना था। ड्रग्स को रायपुर की एक स्थानीय महिला द्वारा मंगाया गया था।

**केस दर्ज**

आरोपियों के खिलाफ थाना गंज में अपराध क्रमांक 222/25, धारा 21(सी), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस अब फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक की जांच कर रही है ताकि सप्लाई चेन और अन्य आरोपियों तक पहुंचा जा सके।

**पुलिस टीम की भूमिका** -इस कार्रवाई में एंटी क्राइम एवं साइबर यूनिट और थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम शामिल रही। ऑपरेशन का नेतृत्व एएसपी शहर लखन पटले, एएसपी क्राइम संदीप मित्तल, डीएसपी क्राइम संजय सिंह और सीएसपी कोतवाली केशरी नंदन नायक के मार्गदर्शन में किया गया।

### छत्तीसगढ़ : संस्कृति, उद्योग और अवसरों का संगम

# ओसाका (जापान) में वर्ल्ड एक्सपो 2025 के पहले ही दिन छत्तीसगढ़ पैवेलियन में उमड़ी रौनक, 22 हजार से अधिक दर्शकों ने किया अवलोकन

**रायपुर।** ओसाका (जापान) में आयोजित वर्ल्ड एक्सपो 2025 के पहले दिन ही छत्तीसगढ़ पैवेलियन आकर्षण का केंद्र बन गया। उद्घाटन दिवस पर 22 हजार से अधिक दर्शकों ने यहाँ पहुँचकर छत्तीसगढ़ की विरासत, उद्योग और पर्यटन की अनूठी झलक का अनुभव किया।

भारत सरकार के इंडियन ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन (ढ्ढञ्जक्क) के आमंत्रण पर 24 से 30 अगस्त 2025 तक भारत पैवेलियन के अंतर्गत छत्तीसगढ़ अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रहा है। आज इस भव्य पैवेलियन का विधिवत शुभारंभ किया गया।

पैवेलियन को इस प्रकार डिज़ाइन किया गया है कि यह आगंतुकों को एक जीवंत अनुभव प्रदान करता है। पवेलियन में छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक समृद्धि, औद्योगिक शक्ति और पर्यटन की संभावनाओं को सुंदर रूप से पिरोया गया है। यह वैश्विक दर्शकों को छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा और भविष्य की संभावनाओं




से अवगत कराता है।

**पर्यटन और विरासत की छटा-** पैवेलियन में छत्तीसगढ़ की धरती की सुंदरता और धरोहर को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया है। नवा रायपुर, देश का पहला ग्रीनफील्ड स्मार्ट सिटी, जिसे निवेश और औद्योगिक प्रगति के लिए तैयार किया गया है, यहाँ विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक पहचान चित्रकोट जलप्रपात ने भी सबका ध्यान खींचा। भारत का सबसे चौड़ा जलप्रपात होने के कारण इसे फ्भारत का नियाग्राफ्र कहा जाता है।

इतिहास और आस्था की झलक देने वाला सीतापुर (स्द्बह्लश्चह्वह्) पैवेलियन में प्रमुख रूप से प्रदर्शित है। यह 8वीं शताब्दी ईस्वी से जुड़ा भारत का एक विशाल बौद्ध स्थल है, जो छत्तीसगढ़ की गहरी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का परिचायक है। भारत और जापान की सांस्कृतिक विरासत के इस जुड़ाव में, छत्तीसगढ़ बुद्ध के विचारों और शिक्षाओं से प्रेरित होकर शांति, समावेश और सतत विकास के साझा मूल्यों को आगे बढ़ाता है।

**औद्योगिक शक्ति और लॉजिस्टिक हब के रूप में छत्तीसगढ़-** पैवेलियन में छत्तीसगढ़ की रणनीतिक भौगोलिक स्थिति पर विशेष बल दिया गया। राज्य की केंद्रीय स्थिति और मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट नेटवर्क उसे देश के भीतर सबसे बड़ा लॉजिस्टिक हब बनाते हैं।

विनिर्माण, वस्त्र, आईटी/आईटीईएस, इलेक्ट्रॉनिक्स और ग्रामोद्योग जैसे क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ की तेजी से हो रही प्रगति को भी यहाँ प्रदर्शित किया गया है। यह वैश्विक निवेशकों के लिए राज्य को निवेश-तैयार गंतव्य के रूप में स्थापित करता है।

**कला और शिल्प की पहचान-**

छत्तीसगढ़ की पहचान उसकी लोककला और हस्तशिल्प में भी झलकती है। पैवेलियन में बस्तर की ढोकरा कला—4,000 वर्ष पुरानी जीआई टैग प्राप्त धातु शिल्प—अपने अनगढ़ सौंदर्य और मौलिकता से सबको आकर्षित कर रही है।

इसी तरह, कोसा सिल्क, जिसे छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक आत्मा कहा जाता है, पैवेलियन का मुख्य आकर्षण बना। यह अपनी प्राकृतिक चमक, मजबूती और आकर्षण के लिए विख्यात है और राज्य के वनों में पाए जाने वाले एंथरेया मायलिट्टा रेशमकीट से तैयार किया जाता है। कोसा से बनी कलात्मक इंस्टॉलेशन छत्तीसगढ़ की आत्मा को व्यक्त करती है—जहाँ आध्यात्मिकता, प्रकृति और विकास का संतुलन साफ़दिखाई देता है। वर्ल्ड एक्सपो 2025 में छत्तीसगढ़ पैवेलियन की शानदार शुरुआत और रिकॉर्डतोड़ दर्शक संख्या ने आने वाले सप्ताह की दिशा तय कर दी है।

### संक्षिप्त समाचार

## पाचन को मजबूत बनाने के लिए बादाम खाएं

**रायपुर।** दो नए व्यापक शोध पत्रों में यह दर्शाया गया है कि रोज़ाना बादाम का सेवन एक स्वस्थ पाचन तंत्र को बनाए रखने में सहायक हो सकता है। मुख्य निष्कर्ष: बादाम संभावित प्रीबायोटिक के रूप में कार्य करते हैं — ऐसा आहार स्रोत जो लाभकारी आंत बैक्टीरिया की वृद्धि को प्रोत्साहित करता है और स्वस्थ आंत माइक्रोबायोम को बनाए रखने में मदद करता है। बादाम के सेवन से ब्यूटायरेट नामक शॉर्ट-चेन फैटी एसिड का निर्माण बढ़ता है, जो आंतों और हृदय के अच्छे स्वास्थ्य में सहायक होता है। बादाम आंत और हृदय को जोड़ने वाले मार्ग, जिसे 'गट-हार्ट एक्सिस ' कहा जाता है, में भूमिका निभा सकते हैं। पहले समीक्षा के निष्कर्ष: बादाम का संभावित प्रीबायोटिक प्रभाव कैलिफ़ोर्निया आलमंड बोर्ड द्वारा प्रायोजित पहले शोध में यह समीक्षा की गई कि किस प्रकार बादाम एक संभावित प्रीबायोटिक के रूप में कार्य कर सकते हैं और यह आंत स्वास्थ्य को कैसे लाभ पहुँचा सकते हैं। प्रीबायोटिक्स ऐसे तत्व होते हैं जो बड़ी आंत में मौजूद लाभकारी बैक्टीरिया को पोषण प्रदान करते हैं, जिससे उनकी संख्या और कार्यक्षमता बढ़ती है। यह संतुलित व विविध आंत माइक्रोबायोटा को बनाए रखने में सहायक होता है, जो स्वस्थ पाचन, मज़बूत प्रतिरक्षा प्रणाली और नवीनतम शोधों के अनुसार, बेहतर मस्तिष्क कार्य और रोग प्रतिरोध में भी भूमिका निभा सकता है। यह शोध दर्शाता है कि बादाम प्रीबायोटिक के रूप में कार्य करते हैं और आंत की सेहत को बेहतर बनाने में मदद करते हैं, कहा प्रोफेसर जैक गिल्बर्ट ने, जो यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफ़ोर्निया सैन डिएगो में कार्यरत हैं, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफहेल्थ की न्यूट्रिशन फॉर प्रिसिजन हेल्थ पहल के प्रोजेक्ट लीड हैं और इस शोध पत्र के सह-लेखक भी हैं। बादाम में डाइटरी फाइबर, पॉलीफेनॉल्स और ओलिगोसैकेराइड्स जैसे अपाच्य कार्बोहाइड्रेट होते हैं, जो प्रीबायोटिक प्रभाव प्रदान करते हैं। ये पोषक तत्व आंतों में मौजूद लाभकारी बैक्टीरिया द्वारा पचाए जाते हैं, जिससे उनके विकास को समर्थन मिलता है और वे शॉर्ट-चेन फैटी एसिड्स जैसे लाभकारी यौगिकों का उत्पादन करते हैं। इस शोध में बादाम और आंत स्वास्थ्य से जुड़ी उपलब्ध जानकारियों की समीक्षा की गई, जिसमें लैब में किए गए प्रयोग (इन विट्रो स्टडीज़), क्लिनिकल ट्रायल्स और सिस्टमैटिक रिव्यूज़ (जो किसी खास विषय पर कई अध्ययनों के निष्कर्षों को एकत्रित करते हैं) शामिल थे। हालाँकि शोधकर्ताओं ने यह निष्कर्ष निकाला कि बादाम का प्रीबायोटिक प्रभाव दिखाने के लिए पर्याप्त प्रमाण मौजूद हैं, फिर भी उन्होंने यह ज़ोर देकर कहा कि इस क्षेत्र में और अधिक अध्ययन की आवश्यकता है, खासकर ऐसे अध्ययन जिनमें मानकीकृत (standardized) तरीकों का उपयोग किया गया हो।

## बायर ने कैमलस की लॉन्चिंग का एलान किया

**बिलासपुर।** कृषि एवं हेल्थकेयर सेक्टर से संबंधित लाइफसाइंस के क्षेत्र में विशेषज्ञता वाली वैश्विक कंपनी बायर ने कैमलस की लॉन्चिंग का एलान किया है। यह एक अनूठा पेस्ट स्पेक्ट्रम कीटनाशक है, जिसे विशेष रूप से भारत के बागवानी किसानों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। चबाने और चूसने वाले कीटों (च्यूइंग एंड सकिंग पेस्ट) को नियंत्रित करने के लिए अनूठे पेस्ट स्पेक्ट्रम कंट्रोल के साथ यह दोहरे एक्शन में काम करता है, जो कि बागवानी फसलों की खेती के लिए जरूरी है। इस लॉन्चिंग के मौके पर भारत, बांग्लादेश एवं श्रीलंका के बायर के क्रॉप साइंस डिवीजन के क्लस्टर कॉमर्शियल लीड मोहन बाबू ने कहा, 'भारत में पोषण की जरूरतों को पूरा करने में सब्जियों की महत्वपूर्ण भूमिका है और वैश्विक निर्यात में देश की स्थिति को मजबूत करने की क्षमता भी इसमें है। जैसे-जैसे सब्जियों की खपत बढ़ रही है, उत्पादकता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करना और भी महत्वपूर्ण हो गया है। बायर में हम अपने इनोवेटिव एवं सस्टेनेबल सॉल्यूशंस के माध्यम से भारतीय किसानों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कैमलस के साथ हमने एक नेक्स्ट-जनरेशन इंसेक्टिसाइड तैयार किया है, जिससे न केवल कीट प्रबंधन को मजबूती मिलेगी, बल्कि इससे भारत एवं विश्व के लिए सब्जियों की दृढ़ एवं उच्च गुणवत्ता वाली वैल्यू चेन तैयार करने में भी मदद मिलेगी।' प्रमुख भारतीय राज्यों के प्रीमियम सब्जी मार्केट को लक्ष्य करते हुए कैमलस को अगस्त, 2025 से पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में उपलब्ध कराया जा रहा है। भारतीय सब्जी किसान, विशेष रूप से छोटी जोत वाले किसानों को काटने व चूशक कीट संक्रमण के कारण मुश्किल का सामना करना पड़ता है, क्योंकि अक्सर इसके लिए कई बार दवा स्प्रे करने की जरूरत पड़ती है। साथ ही मौजूदा प्रोडक्ट्स के कम होते प्रभाव के कारण भी समस्या बढ़ी है। अपने दोहरे एक्शन की मदद से कैमलस इस चुनौती को दूर करता है। यह कीटों के कारण फसल में होने वाले नुकसान रोकता है और जड़ एवं पत्तों दोनों के माध्यम से अंदर से पौधे की रक्षा करता है। इससे लंबी अवधि की सुरक्षा मिलती है और बार-बार स्प्रे करने की जरूरत कम पड़ती है। इससे किसान के समय, लागत और श्रम की बचत होती है। सब्जी उगाने वाले, विशेष रूप से टमाटर, बैंगन, मिर्च, पत्ता गोभी और भिंडी उगाने वाले किसानों के लिए कैमलस एक शक्तिशाली समाधान बनकर सामने आएगा, अगर फसल की शुरुआती अवस्था में इसका प्रयोग किया जाए।

## कलर्स ने अपने नए शो 'बिंदी' के प्रोमो में माँ-बेटी के भावनात्मक रिश्ते से जीता दर्शकों का दिल

धरती पर माँ के प्यार से बड़ी कोई ताकत नहीं होती ङ्क वह प्यार जो अपने बच्चे के लिए दुनिया से टकराने से भी नहीं डरता। कलर्स का आने वाला फैमिली ड्रामा 'बिंदी' इसी सच्चे और गहरे रिश्ते को दर्शाता है। हाल ही में रिलीज हुए प्रोमो की शुरुआत होती है बिंदी से ङ्क एक छोटी बच्ची, जो जेल की धुंधली दीवारों को अपनी मासूम रोशनी से चमका देती हैज् और अंत होता है उस दरवाजे के बंद होने से, जो उसके और उसकी माँ काजल के बीच की दूरी को और पक्का कर देता है। यह बच्ची पहली बार जेल से बाहर की दुनिया देख रही है ङ्क एक ऐसी दुनिया जिसे उसने कभी जाना ही नहीं, जहाँ वह किसी को नहीं पहचानती। प्रोमो दर्शकों को हंसी-ठिठोली, जन्मदिन की खुशियों और हाथों से बनी गुड़ियों से ले जाता है उस दर्दनाक पल तक, जब बेटी अपनी माँ से अलग होकर रो पड़ती है। यह साबित करते हुए कि सबसे कठिन कैद वही है, जब आप अपने सबसे प्रिय से दूर हो जाते हैं। राधिका मुथुकुमार शो में निभा रही हैं काजल का किरदार ङ्क एक समर्पित माँ का, जबकि साची वोहरा बिंदी के रूप में नजर आएंगी ङ्क उसकी चंचल और जिंदादिल बेटी। 'बिंदी' इस एक सच्चाई पर टिका है: घर वहीं है, जहाँ माँ है। काजल के लिए, अपनी बेटी के प्रति उसका प्यार ही जेल की दीवारों के भीतर उसकी सबसे बड़ी आज़ादी रहा है। वहीं बिंदी के लिए माँ से अलग होना ऐसा है।

# संपादकीय

## दलील पुष्टि के लिए सार्वजनिक विरोध

बिहार में वोट अधिकार यात्रा कर राहुल गांधी जिस वक्त वोट चोरी का आरोप मढ़ रहे थे, ठीक उसी वक्त मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार दिल्ली में जवाबी कार्रवाई का ऐलान कर रहे थे। उन्होंने प्रेस कांफ्रेस के मार्फत से राहुल के सवालों का जवाब देते हुए आरोपों को बेबुनियादी ठहराया। बिना हलफनामा दाखिल किए, इनकी जांच नहीं होने की बात करते हुए ज्ञानेश ने कहा, यदि राहुल सात दिन के भीतर माफी नहीं मांगते तो इन आरोपों को बेबुनियादी समझा जाएगा। गांधी ने आयोग पर वोट चोरी के आरोप लगाते हुए पांच सवाल किए थे। जिनमें चुनाव आयोग द्वारा बड़े पैमाने में वोटर लिस्ट में फर्जीवाड़ा करने, भाजपा के एजेंट की तरह काम करने, मतदान के वीडियो सबूत नष्ट करनेडिजिटल फॉम्रेट में मतदाता सूची न मुहैया कराने व विपक्ष के सवालों के जवाब की बजाए उसे धमकाने के कारण पूछे थे। इसमें बिहार में चल रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पर भी सवाल शामिल थे। आयोग का दावा है कि वह मजबूती से मतदाताओं के साथ खड़ा है। कुमार ने वोट चोरी जैसे शब्दों के प्रयोग को करोड़ों मतदाताओं व लाखों चुनाव कर्मचारियों की ईमानदारी पर हमला बताया। आयोग का दावा है कि देश के तीन लाख नागरिकों की एपिक संख्या मिलती-जुलती है। जिसके संज्ञान में आते ही बदलाव किया गया। कांग्रेस ने ज्ञानेश कुमार पर भाजपा प्रवक्ता की तरह बात करने का आरोप लगाते हुए संवैधानिक रूप से दायित्व निभाने की सलाह दी। बेशक अपनी पहली प्रेस कांफ्रेस में मुख्य संवैधानिक संस्था के मुखिया की बजाए राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी की तरह बात करके ज्ञानेश विपक्ष के आरोपों के सटीक जवाब देने से बचते नजर आए। जल्दबाजी में उठाए गए उनके इस कदम से नाराज विपक्ष ज्ञानेश के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विचार कर रहा है। ध्यान देने वाली है कि मुख्य चुनाव आयुक्त या अन्य चुनाव आयुक्तों को अधिनियम 2023 के अनुसार उसी आधार पर हटाया जा सकता है, जिस आधार पर न्यायाधीश को हटाया जा सकता है। हालांकि विपक्ष के पास इसे पारित कराने भर की संख्या नहीं है, मगर अपनी दलील की पुष्टि के लिए वे सार्वजनिक मंच से विरोध करने में सफल होते नजर आना चाहेंगे। शीर्ष अदालत में मामला होन के चलते दोनों पक्षों को किसी तरह के आरापों-प्रत्यारोपों पर लगाम लगानी चाहिए। यह गंभीर मसला है, मुनासिब होगा कि आरोपों को सिद्ध करने या खारिज करने में कोई संदेह की गुंजाइश नहीं छोड़ी जानी चाहिए।

## ओवर टूरिज्म से कोई भी खुश नहीं

**वीरेन्द्र कुमार पैन्यूली**

निस्संदेह टूरिज्म हो या ओवर टूरिज्म इससे देशों, राज्यों, नगरों या गांवों की आर्थिकी बढ़ने की संभावनाएं रहती ही है। किन्तु इसके बावजूद पूरे विश्व में सभी देश, सभी शहर या स्थानीय वासी ओवरटूरिज्म से खुश नहीं हैं। विशेषकर यूरोप में लोकप्रिय पर्यटक महानगरों नगरों में अतिशय पर्यटन का विरोध हो रहा है। भारतीय पर्यटक नगरी में पर्यटकों की भारी भीड़ से, उनके व्यवहार से, जामों से और उनके कारण बढ़ते उपभोक्ता सामग्रियों व कूड़ा कचरे के अंबार से देर-सबेर भारत भी ओवरटूरिज्म के विरोध से अछूता नहीं रहेगा। यूरोप में भी ओवर टूरिज्म का विरोध करने वाले प्रदर्शनकारियों का कहना है कि इससे घरों के किराये बढ़ गए हैं, हमारी गलियां भीड़ भरी हो गई हैं और स्थानीय संस्कृति का क्षरण हो रहा है। यही सब भारत में भी अत्याधिक पर्यटनग्रस्त प्रमुख पर्यटक नगरियों के नागरिक भी अनुभव कर रहे हैं। भारत में ओवर टूरिज्म की कीमत स्थानीय लोग जाम में फंस हर काम में अतिरिक्त समय लगा दे रहे हैं। आने-जाने में देरी से जरूरी काम भी छूट जाते हैं या उन्हें टालना पड़ता है। इससे आर्थिक हानि भी हो जाती है। तनाव अलग से पैदा होता है। ये वह लागत है जो पर्यटन से बढ़े राजस्व का ढिंढोरा पिटते सरकारों या हितधारकों के आकलन में नहीं होता है। किन्तु जिसे हर अपने गांव-शहर के ओवर टूरिज्म से पिसा स्थानीय नागरिक चुका रहा है। हर काम के लिए घर से पहले निकलने और देरी से घर पहुंचने की मजबूरी रहती है। इसमें घर के कई ओवर टूरिज्म की मुख्य पहचान हम भारी जाम से करते हैं। देहरादून मसूरी जाम में इसी माह एक प्र्यटक की मौत हुई, परन्तु ऐसी घटनाएं अन्यत्र से भी सुनने को आने लगी हैं। सरकारी तौर पर ये जानकारी शिमला में जून 20 और जून 23 के बीच कुल तीन दिनों में ही साठ हजार पर्यटक वाहन नगर में प्रवेश किए थे। ये नित्य के स्थानीय परिवहन के अतिरिक्त है। इस जून 2025 में जिले के पुलिस अधिकारी के अनुसार देहरादून से मसूरी जाने को सामान्य दिनों में प्रति दिन 4 से आठ हजार वाहन होते हैं। इन दिनों वीकेंड में पंद्रह हजार वाहन आ रहे हैं। हालात ऐसे हो जाते हैं कि स्थानीय जन अपने ही शहर में ही कैद हो जाता है। यूरोप में जगह-जगह स्थानीय लोग 'टूरिस्ट गो होम' के नारे लग रहे हैं। ओवर टूरिज्म के खिलाफ लोग अभियान चला रहे हैं। इटल , स्पेन और पुर्तगाल में तो बहुत जोर पकड़ रहा है। 'पर्यटकों घर जाओ', 'एक पर्यटक का बढ़ना एक स्थानीय निवासी का कम होना' जैसे पोस्टर व नारे लग रहे हैं। वे कहते हैं उनका जीना दूभर हो गया है। किराये के घरों का दाम बहुत बढ़ गया है। बड़े-बड़े होटलों के खोलने व उनमें विस्तार होने का विरोध हो रहा है। इस 15 जून को बड़े प्रदर्शन हुए। बार्सीलोना की तो खबर थी कि कि प्रदर्शनकारियों ने वाटर गनों को लेकर पर्यटकों के पसंदीदा स्थलों में पर्यटकों को निशाना बनाया। बार्सीलोना प्रदर्शनों का प्रमुख केंद्र बन गया है। उसकी जनसंख्या सोलह लाख है, जबकि गत वर्ष वहां 26 लाख टूरिस्ट आए। स्थानीय लोग कह रहे हैं, देखिए हम जहां देख रहे हैं पर्यटक ही पर्यटक दिख रहे हैं। आपका सामना उन लोगों से होता है जिनको आप नहीं जानते और जो आपको नहीं जानते हैं। प्रदर्शनकारियों के अनुसार यह असहाय होने का भाव भी पैदा कर देता है। पिछले साल यूरोप में 70 लाख पर्यटक आए थे। ग्रीस में उसकी संख्या के चार गुणा पर्यटक आए थे। लगभग सभी पर्यटक शहरों में जहां विरोध हो रहा है वहां स्थानीय जनसंख्या के सात आठ गुणा तक पर्यटक पहुंच रहे हैं। भारत में भी यात्रियों के पारम्परिक मूल्यों की दृष्टि से अनुचित आचरण व्यवहार से भी परेशानी पैदा हो रही है। शायद ही कोई चाहेगा कि टूरिस्ट या जनता उसके क्षेत्र में अशांति पैदा करे। वायनाड के एक बांध के समीप के एक गांव के किसान बांध पहुंच रील बनाने वाले पर्यटकों की उद्दंड भीड़ से परेशान हो प्रशासन से इस पर रोक लगाने की मांग की है। वे कहते हैं इससे दुर्घटनाएं बढ़ी हैं। खेतों को नुकसान हुआ है, निजता का भी हनन हुआ है। पर्यटकों के मनमाने ढंग से जहां-तहां रुकने से लगभग सभी पर्यटन मागरे पर दुर्घटनाओं के जोखिम बढ़े हैं। सेल्फी के मोहपाश में फंसकर कई पर्यटकों ने पहाड़ियों में, नदियों में और झीलों में अपना अमूल्य जीवन गंवाया है।

# असर दिखाएगी साख पर सवाल उठाने वालों पर आयोग की सख्ती

**उमेश चतुर्वेदी**





सत्ता के लिए छटपटा रही कांग्रेस के असल प्रमुख राहुल गांधी की यात्रा 'चौकीदार चोर है' से 'वोट चोरी' तक पहुंच गई है। 'चौकीदार चोर है' को लेकर अदालत में माफी मांग चुके राहुल गांधी के सामने पहले की ही तरह संकट आ गया है। वोट चोरी की अवधारणा को जिस तथ्य के आधार पर वे भारतीय जनमानस में परोसने की कोशिश में जुटे हैं, उस तथ्य के जनक ने ना सिर्फ अपना तथ्य वाला ट्वीट डिलीट कर दिया है, बल्कि एक तरह से माफी भी मांग ली है। यह बात और है कि इस तथ्य के जनक और सीएसडीएस-लोकनीति के निदेशक संजय कुमार की माफी से चुनाव आयोग नहीं पसीजा है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के निर्देश पर संजय कुमार के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व कानून और भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज हो गया है। यहां यह बताना जरूरी है कि अगर संजय कुमार पर देश को भड़काने, चुनावी आंकड़ों में हेराफेरी करके देश को गुमराह करने का आरोप साबित होता है तो सात साल तक की सजा हो सकती है। दिलचस्प यह है कि कांग्रेस के बड़बोले प्रवक्ता पवन खेड़ा भी अपना ट्वीट डिलीट करके मैदान से भाग खड़े हुए हैं। हालांकि राहुल गांधी बिहार की धरती पर अपने तेजस्वी भाई के साथ अब भी इसी नैरेटिव के साथ घूम रहे हैं। चुनाव आयोग के रूख से नहीं लगता कि वे वोट चोरी के कथित आरोप और चुनावी आंकड़ों की हेराफेरी को लेकर मामला दर्ज कराने जा रहा है। लेकिन इतना तय है कि चुनाव आयोग के रडार पर कुछ और लोग, उनके पिछलग्गू यू ट्यूबर और कुछ पत्रकार भी हैं। आयोग उनकी गलतबयानियों पर गौर कर रहा है और लगता ऐसा है कि उनके खिलाफ भी मामले दर्ज किए जाएंगे। इस हालत में सवाल उठता है कि क्या राहुल गांधी एक बार फिर 'चौकीदार चोर है' को लेकर जिस तरह माफी मांग चुके हैं, वैसे क्या 'वोट चोरी' को लेकर भी माफी मांगेंगे? चूंकि वे देश के पहले राजनीतिक परिवार के वारिस हैं, लिहाजा हो सकता है कि माफी ना मांगने की हवाबाजी करें। ठीक है कि उनके खिलाफ आयोग सीधे मामला ना दर्ज करना चाहे, लेकिन आयोग के तथ्यों और संजय कुमार के रणछोड़ कदम की बुनियाद पर कोई न कोई व्यक्ति अदालत की शरण में जा सकता है। ऐसे में राहुल के सामने माफी मांगने की ही नौबत आएगी। अपनी जो अदालती और प्रशासनिक प्रक्रिया है, उसमें अगर ऐसी ही गलती कोई आम आदमी करता तो उसे प्रशासनिक तबका अब तक सूली पर चढ़ा होता और अदालतें भी उसे दंडित करने में कसर नहीं छोड़तीं। लेकिन राहुल के साथ ऐसा नहीं होगा, वे माफी मांगेंगे और कांग्रेसी राज से चापलूसी करने वाला मीडिया का एक तबका उस क्षमा याचना को विशिष्ट बताते हुए उसे महानता का नया महाकाव्य बताने लगेगा। फिर भी कह सकते हैं कि चुनाव आयोग के इस कदम का असर तीखा होगा। वैसे से अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है, लेकिन लगता है कि डीप स्टेट भारतीय चुनाव आयोग को साखहीन बनाकर भारत की चुनावी प्रक्रिया को बदनाम करने की कोशिश में ठीक वैसे ही है, जैसे बांग्लादेश में हुआ। जिस तरह बांग्लादेश में इस बुनियाद पर शेख हसीना का तख्तापलट हुआ, कुछ ऐसा ही करने की मंशा डीप स्टेट को 'वोट चोरी' के नैरेटिव के बहाने दिख रही है। ऐसे में चुनाव आयोग से ऐसे ही जरूरी कदम की अपेक्षा थी। उम्मीद की जानी चाहिए कि आयोग के इस कदम से शरारती तत्व बाज आएंगे। वैसे आयोग को बड़े नेताओं को भी खुला और कड़ा जवाब देना होगा। उसका तरीका क्या हो, यह उसे ही तय करना होगा।

# क्या कोई राहुल को 1987 के जम्मू कश्मीर के चुनाव की याद नहीं दिलाता है?

**अजीत द्विवेदी**



कांग्रेस के नेता राहुल गांधी इन दिनों मूर्तिभंजन में लगे हैं। वे प्रतिमाओं के सिंदूर खरोंच रहे हैं। वे इस संकल्प और रणनीति के साथ काम कर रहे हैं कि अगर हम चुनाव नहीं जीत सकते हैं तो चुनाव की पूरी प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया जाए। अगर हम किसी मुकदमे में फंसे हैं तो जांच की पूरी प्रक्रिया और हर जांच एजेंसी को संदिग्ध बना दिया जाए। अगर हमारी खबरों को प्रमुखता से जगह नहीं मिलती है तो मीडिया की साख को संदिग्ध बना दिया जाए।

अगर कारोबारी हमें चंदा नहीं देते हैं या कम देते हैं तो सभी कारोबारियों को क्रोनी कैपिटलिस्ट साबित कर दिया जाए। अगर अधिकारी हमें सलामी नहीं देते हैं तो पूरी नौकरशाही को भ्रष्ट और सरकार का पिछलग्गू बता दिया जाए। अगर न्यायपालिका से मनमाफिक फैसला नहीं आता है तो उसे सरकार के लिए प्रतिबद्ध बता दिया जाए। इस तरह वे हर संस्था को तहस नहस करने की दिशा में बढ़ गए हैं। ऐसी अराजक राजनीति कुछ समय पहले आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल ने शुरू की थी। हालांकि मुख्यमंत्री रहने और दो राज्यों में सरकार बनाने के बाद उनकी राजनीति में ठहराव आ गया है।

अब राहुल गांधी ने केजरीवाल की राजनीतिक किताब का एक पन्ना खोल कर उसे पढ़ना शुरू किया है। हालांकि दोनों में फर्क यह है कि केजरीवाल ने अपनी राजनीतिक पार्टी 2012 में बनाई, जबकि राहुल गांधी की पार्टी कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है और सबसे लंबे समय तक सत्ता में रही है। सत्ता भी सबसे लंबे समय तक राहुल गांधी के परनाना, उनकी दादी और उनके पिता के हाथ में रही है। परोक्ष रूप से 10 साल तक शासन उनकी मां और उनके हाथ में भी रहा है। कांग्रेस ने अपने लंबे शासन में संस्थाओं को जो रूप दिया और जिस तरह से संस्थाओं का इस्तेमाल किया आज भी संस्थाएं उसी तरह से काम कर रही हैं। कह सकते हैं कि उसके मुकाबले गिरावट ज्यादा आ गई है। तब भी यह सिर्फ डिग्री का ही फर्क है।

सोचें, राहुल गांधी चुनाव की पूरी प्रणाली को मर चुका बता रहे हैं। कांग्रेस को इस बात पर आपत्ति है कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस को हटा कर सरकार के एक कैबिनेट मंत्री को रखा गया। लेकिन कांग्रेस के लंबे शासनकाल में तो सीधे सरकार ही चुनाव आयुक्तों को नियुक्त करती थी! राहुल गांधी के सक्रिय राजनीति में आने के बाद कांग्रेस पार्टी ने मुख्य चुनाव आयुक्त के पद से रिटायर हुए एमएस गिल को मनमोहन सिंह की सरकार में मंत्री बनाया था।

राहुल के सक्रिय राजनीति में आने के बाद परिवार के प्रति निष्ठावान नवीन चावला को चुनाव आयुक्त बनाया गया था। इतना ही नहीं उन पर विवाद होने के बावजूद उनको मुख्य चुनाव आयुक्त बनाया गया। लेकिन अब राहुल इस बात पर सवाल उठा रहे हैं कि चुनाव आयुक्त को प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और एक कैबिनेट मंत्री की सदस्यता वाली कमेटी क्यों चुनती है? क्या वे चाहते हैं कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति विपक्ष को करने दिया जाए?

इसी तरह राहुल गांधी जब चुनाव आयोग पर वोट चोरी करने का आरोप लगाते हैं तो क्या कोई उनको 1987 के जम्मू कश्मीर के चुनाव की याद नहीं दिलाता है? कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन को चुनाव जिताने के लिए उस समय क्या किया गया था, यह इतिहास में दर्ज है। वैसी धांधली, वैसा जुल्म, वैसी वोट की चोरी आजाद भारत के इतिहास में तो नहीं देखी गई है। कांग्रेस चुनाव तो जीत गई, लेकिन चुनाव के बाद जम्मू कश्मीर के लोगों का दिल्ली के शासन से ऐसा मोहभंग हुआ कि लोग आजादी चाहने लगे, जिससे पाकिस्तान को मौका मिला और पूरा प्रदेश आतंकवाद व छद्म युद्ध की चपेट में आ गया। उस वोट के लूट की जिम्मेदार राजीव गांधी की केंद्र सरकार थी। ऐसी अनेक और भी मिसालें दी जा सकती हैं। सबको यहां लिखने की जरुरत नहीं है।

ऐसे ही वे न्यायपालिका से लेकर जांच एजेंसियों और मीडिया से लेकर कॉरपोरेट तक को कठघरे में खड़ा करते हैं। वे कांग्रेस का इतिहास भूल जाते हैं या उनको जानकारी ही नहीं है कि मौजूदा सिस्टम कांग्रेस का ही बनाया हुआ है। अभी तो कम से न्यायपालिका में वरिष्ठता के आधार पर नियुक्ति हो रही है। इंदिरा गांधी ने तो वरिष्ठता के नियम को ही बदल दिया था। उन्होंने 1973 में जस्टिस एमएन शेलत, जस्टिस एएन ग्रोवर और जस्टिस केएस हेगड़े की वरिष्ठता को दरकिनार करके चौथे नंबर के जज जस्टिस अजित नाथ रे को चीफ जस्टिस बनाया था और चार साल बाद 1977 में जस्टिस हंसराज खन्ना की वरिष्ठता को दरकिनार करके जस्टिस हमीदुल्ला बेग को चीफ जस्टिस बनाया था।

गौरतलब है कि जस्टिस हंसराज खन्ना ने इमरजेंसी में मौलिक अधिकार निलंबित करने के इंदिरा गांधी सरकार के फैसले की आलोचना की थी और उसके खिलाफ अपना निर्णय् दिया था। ध्यान रहे जजों के रिटायर होने के बाद उनको मलाईदार पदों पर बैठाने का चलन भी कांग्रेस ने ही शुरू किया। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष कोई रिटाय्र चीफ जस्टिस ही होगा यह नियम कांग्रेस की सरकार ने बनाया और सबसे पहले जस्टिस रंगनाथ मिश्र उस पद पर बैठे।

कारोबारियों का मामला भी कुछ अलग नहीं है। राहुल गांधी आरोप लगाते हैं कि देश की सारी संपत्ति चार पांच लोगों के हाथ में सौंप दी गई है। यह चलन भी कांग्रेस का ही शुरू किया हुआ है। आजादी के बाद सोवियत मॉडल पर कंपनियों को लाइसेंस बांटे जाते थे। राहुल गांधी के दादा फिरोज गांधी ने इसमें गड़बड़ी के आरोप लगाए थे। हालांकि तब कोई जांच नहीं हो सकी लेकिन उनके निधन के कई साल बाद 1967 में इसकी जांच के लिए आरके हजारी के नेतृत्व में हजारी कमेटी का गठन किया गया था। कमेटी ने इंडस्ट्री डेवलपमेंट एंड रेगुलेशन एक्ट 1951 के तहत दिए गए लाइसेंसों की समीक्षा की थी। बाद में इस कमेटी की रिपोर्ट पर आगे की कार्रवाई के लिए सुबिमल दत्ता की कमेटी बनी थी। इन दोनों की रिपोर्ट में कहा गया कि लाइसेंसिग नीति में भ्रष्टाचार है और चुनिंदा कंपनियों को मदद की जा रही है। यहां तक रिपोर्ट आई कि आजादी के बाद जितने लाइसेंस बांटे गए थे उनमें से 60 फीसदी से ज्यादा लाइसेंस सिर्फ एक कंपनी, बिड़ला समूह को दिए गए थे।

जहां तक केंद्रीय एजेंसियों का सवाल है तो कांग्रेस के शासन में ईडी ने 65 फीसदी मुकदमे विपक्षी पार्टियों के नेताओं और उनके करीबियों पर किए थे और अब 95 फीसदी मामले ऐसे हो रहे हैं। तो यहां भी फर्क सिर्फ डिग्री का है, पैमाने का है। पहले भी एजेंसियां सरकार में बैठे लोगों के विरोधियों को परेशान करने के लिए काम करती थीं और आज भी करती हैं। राज्यों में जहां जिस विपक्षी पार्टी की सरकार है वहां वह दूसरी पार्टियों के खिलाफ राज्य की एजेंसियों का ऐसे ही इस्तेमाल कर रही हैं। इसी तरह जब तक कांग्रेस पार्टी ताकतवर रही मीडिया उसकी चरणवंदना करता रहा और जब कमजोर हुई तो उस पर टूट पड़ा। आज भाजपा ताकतवर है तो मीडिया उसके चरणचुंबन कर रहा है।

इसलिए ऐसा नहीं है कि पिछले 10 साल में सब कुछ पूरी तरह से बदल गया है या बिल्कुल नई कार्य संस्कृति आ गई है। कार्य संस्कृति पुरानी ही है फर्क सिर्फ इतना है कि उसकी डिग्री बढ़ा दी गई है। कांग्रेस ने सत्ता की हनक और सत्ता के इस्तेमाल का एक तरीका विकसित किया, आज भाजपा की सरकार उसी तरीके से काम कर रही है। कह सकते हैं कि कांग्रेस सत्ता का, एजेंसियों का, संस्थाओं का इतना दुरुपयोग नहीं करती थी। ठीक है, थोड़ा कम दुरुपयोग करती थी। लेकिन सदुपयोग तो बिल्कुल ही नहीं करती थी।

फिर उसे क्यों भाजपा के दुरुपयोग पर इतनी आपत्ति है? पहले भी सत्ता का दुरुपयोग होता था और आज भी हो रहा है। पहले भी जनता ऐसे ही भगवान भरोसे थी और आज भी है। असल में राहुल गांधी यह नहीं चाहते हैं कि सत्ता का दुरुपयोग रूके, बल्कि वे सत्ता बदल कर अपने हाथ में लेना चाहते हैं। उनको ध्यान रखना चाहिए कि सत्ता हासिल करने के लिए राजनीतिक लड़ाई लड़नी होगी।

# आम जीवन सरल बनाने में मदद कीजिए

**अशोक मधुप**



सरकारों का काम आदमी के जीवन को सरल बनाना है। तकनीक के माध्यम से उसे ऐसी सुविधाएं देना है कि वह परेशान न हो, किंतु भारत में हो इसके विपरीत रहा है। उन्हें अलग-अलग काम के लिए थोड़ी- थोड़ी बात के लिए परेशान किया जा रहा है। उनके जीवन को दुरूह किया जा रहा है।

आज सबसे बड़ी परेशानी हैं बैंको में जाकर खाते की केवाईसी कराने की। बैंकों की केवाईसी के नाम पर बैंक खाताधारक को परेशान किया जा रहा है। हालत यह है कि केवाईसी करानी है, इसकी उसे सूचना भी नहीं मिलती। उसे उसके लिए बैंक की ओर से मैसेज भी नहीं आता।

मेल आनी चाहिए। किंतु ऐसा हो नहीं रहा। वैसे प्रत्येक ट्रांजेक्शन के मैसेज आते रहते हैं। केवाईसी कराना है, इसका पता तब चलता है जब खातेधारक के चैक का भुगतान रोक दिया जाता है। वह पेमेंट नहीं कर पाता। भुगतान रोकने के कारण चैक जारी करने वाले पर संबधित बैक या सस्थाएं चार सौ से आठ सौ रूपये तक का जुर्माना लगा देती है। मैंने पिछले साल ओरियंटल इंशोरेंस कंपनी को अपनी मेडिक्लेम पोलिसी के लिए चैक दिया। चैक बैंक गया तो भुगतान रूक गया। मैं बैंक गया। बैंक प्रबंधक ने खाता देखकर कहा कि खाता आपका जारी है। चैक का भुगतान कैसे रूका पता नहीं। उनके एक स्टाफ ने देखकर बताया कि खाता बंद किया हुआ है। बैंक प्रबंधक ने कहा कि अब सब कंप्यूटराइज है। हमें पता नहीं चलता और खुद जाता है। बैंक स्टाफ के पता है या नहीं। इससे खाताधारक को क्या लेना। मेरे से तो इंश्योरेंस कंपनी ने चैक डिस ओनर होने के छह सौ रूपये अतिरिक्त वसूल लिए। मुझे तो फालतू का छह सौ रूपये का दंड़ पड़ गया।

अभी लाकर आपरेट करने बैंक जाना पड़ा तो बैंक स्टाफ ने कहा कि इसकी केवाईसी कराइये। हमने कहा कि अभी खाते की तो कराई है। उनका कहना था कि बैंक लॉकर की भी करानी है। लॉँकर बैंक के खाते से जुड़ा है, यह बताने पर भी बैंक कर्मी नहीं माने। यदि आपके पास चार-पांच बैंक खाते हैं तो प्रत्येक दो साल से केवाईसी कराने जरूर जाना होगा।

अभी तक बैंक खाते चालू रखने के लिए केवाईसी करानी थी। अब बिजली विभाग के मैसेज आ रहे हैं, कि अपने कनेक्शन की ईकेवाईसी कराइए। आज जहां चारों ओर धोखे का जाल फैला है। ठग आपको फंसाने में लगे हैं, ऐसे में किस मैसेज को सही माना जाए, किसे गलत यह कैसे पता चले। अभी परिवहन विभाग का मैसेज आया है कि आधार आथोराइजेशन माध्यम से अपने ड्राइविंग लाइसेंस पर अपना मोबाइल नंबर अपडेट कराइए। समझ नही आ रहा कि क्या-क्या कराएं। हम पर ये सब करना नहीं आता। इसका मतलब ये की रोज जनसेवा केंद्र पर जाइये। लाइन में लगिए और पैसा भी दीजिए। लगता है कि कहीं ये जनसेवा केंद्र की आय बढ़ाने के लिए तो नहीं किया जा रहा।

अभी पिछले दिनों आदेश आया कि अपना आधार कार्ड प्रत्येक दस साल में अपडेट कराना है। मैं छोटे शहर में रहता हूं। यहां कि आबादी दो लाख के करीब है। पूरे शहर में आधार कार्ड अपडेट कराने का एक ही सेंटर है। मुख्य डाकघर। उसमें आधार कार्ड बनवाने वालों की सवेरे आठ बजे से लाइन लग जाती है। हम 75 साल से ऊपर के पति-पत्नी कैसे उस लाइन में लगें, ये कोई सोचने और बताने वाला नहीं है। दूसरे केंद्र का दरवाजा खुलने पर इस तरह धक्का-मुक्की होती है कि हम लाइन में लगे तो हाथ-पांव तुड़ाकर जरूर अस्पताल जांएगे।

केद्र सरकार / रिजर्व बैंक को आदेश करना चाहिए कि बैंक अपने यहां अतिरिक्त स्टाफ रखे। उसके कार्य सिर्फ खाते धारकों से समय लेकर उनके खातों की केवाईसे कराना हो। सरकार जिस तरह वोट बनवाती है। वोटर का वेरिफिक्रेशन कराती है। उसी तरह से केवाईसी कराई जाए। इसके बैंक खाता धारकों को सुविधा होगी। केवाईसी कराने के लिए रखे जाने वाले युवाओं को रोजगार मिलेगा। यही काम राज्य की बिजली कंपनी कर सकती हैं। विभागीय मीटर रीडर माह में एक बार रीडिंग लेने उपभोक्ता के घर जाते हैं। वे ही उपभोक्ता से केवाईसी के पेपर लेले। मीटर रीडर को उपभोक्ता जानते हैं उन्हें पेपर देते किसी उपभोक्ता को परेशानी भी नहीं होगी। मीटर रीडर आफिस आकर इस कार्य में लगे स्टाफ को पेपर देकर केवाईसी कराए। हो यह रहा है कि संबधित विभाग बैंक/ बिजली अपना कार्य उपभोक्ता पर डाल उसके जीवन को कठिन बना रहे हैं, जबकि उन्हे अपने ग्राहकों को सुविधांए देनी चाहिए थीं। ऐसा ही आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए व्यवस्था की जानी चाहिए। हां इसके लिए उपभोक्ता से थोड़ा बहुत चार्ज लिया जा सकता है। अभी एक मैसेज आया कि आपका इन्कमटैक्स का रिटर्न स्वीकार कर लिया गया है। मैंने अभी रिटर्न भरा नहीं, सो ये मैसेज बेटे को भेज दिया कि शायद उसने रिटर्न भरा हो। उसका जबाव आया कि पापा इस मैसेज के लिंक पर क्लिक मत करना। ये गलत लगता है।

आज सबसे बड़ी समस्या है कि सही और गलत का कैसे तय हो। किसी न किसी तरह धोखे में लेकर रोज हजारों व्यक्ति रोज ठगे जा रहे हैं। इससे कैसे बचा जाए? ऐसे हालात में जीवन दुरूह होता जा रहा है। केंद्र और राज्य सरकारों को आम आदमी का जीवन को सरल बनाने के लिए काम करना चाहिए।

## संक्षिप्त-खबर

### बसना मे पेंशनरों की मासिक बैठक



**बसना ( समय दर्शन )।** छ ग पेंशन घारी कल्याण संघ तहसील शाखा बसना का मासिक बैठक दिनांक23.8.2025 को पेंशन भवन बसना में संपन्न हुआ ।जिसमे निम्न विषयों पर विचार किया गया ।व्यापक सदस्या अभियान चला कर 60पेंशनर को आजीवन सदस्यता ग्रहण कराया गया ।इस दौरान गुरुदेव प्रधान एवं कमल लोचन प्रधान का जन्म दिन मनाया गया । नये सदस्य सहदेव कुमार एवं डोला माणी सामल का शॉल एवं श्रीफ्ल से स्वागत किया गया । पेंसनर संघ के वरिष्ठ सदस्य नीलाम्बर वांक 80 वर्ष एवं वीआर पुरोहित का 75 वर्ष पूर्ण करने पर स्वागत कर जन्मदिन मनाया गया ।

कार्य कुशलता को देखते हुए पेंशनर संघ मे आर बी प्रधान को प्रांतीय प्रचार सचिव नियुक्त किये जाने पर प्रांताध्यक्ष श्री मनहर जी का आभार व्यक्त किया गया । पेंशन भवन का विधिवत उदघाटन सितम्बर माह में संपन्न करने का निर्यण लिया गया ।

कार्यक्रम के अंत में स्व मोहन लाल पटेल को श्रद्धांजलि दिया गया ।बैठक में संघ के सभी पेंशनर उपस्तिथ हुए ।

### शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला खम्हारिया अ में दही लूट एवं पोला त्यौहार की धूम



दिनांक 23 अगस्त शनिवार कला सांस्कृतिक आयोजनों से ओतप्रोत रहा। बच्चों को कला शिक्षण अंतर्गत उत्सव , रीतिरिवाज़ों से जोड़ने और परिचित कराने के उद्देश्य से पोला त्यौहार के अवसर पर समस्त शिक्षक व बच्चों द्वारा नंदी बैल, खिलौनों की विधिवत पूजा की गई। शिक्षक लखेश्वर साहू ने इस त्योहार को मनाने के कारण पर प्रकाश डाला। शिक्षक श्रीमती डी चंद्रा, श्रीमती पूर्णिमा शर्मा,श्रीमती संतोषी टंडन के मार्गदर्शन में राधा कृष्ण के रूप में बच्चों ने विहंगम नृत्य प्रस्तुत किया। प्रधानपाठक श्री घनश्याम सिंह पटेल एवं श्री चन्द्र मोहन यादव के नेतृत्व में शिक्षक श्री नागेंद्र कुमार वर्मा,श्री अश्वनी कुमार देवांगन,श्री कृष्ण कुमार सोनकर द्वारा दही लूट आयोजित किया गया। बच्चों ने इसमें उत्साह पूर्वक बढ़चढ़ कर भाग लिया।उक्त कार्यक्रम में स्कूल शैक्षिक समन्वयक श्री महेंद्र कुमार बहादुर, वरिष्ठ शिक्षक श्री नरसिंह प्रसाद ठाकुर,शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष श्रीमती ज्योति देशलहरे उपाध्यक्ष श्री श्रवण कुमार यादव, सदस्यगण ,पालकगण उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रों ने किया, रक्तदान




**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिंह के निर्देशन में जिला प्रशासन दुर्ग एवं ब्रह्माकुमारीज दुर्ग के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय रक्तदान शिविर में रक्तदान किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिंह ने रक्तदान हेतु सभी विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों को इसका महत्व बताते हुए प्रोत्साहित किया। यह शिविर जिला अस्पताल , दुर्ग में लगाया गया था ।जिसमें कार्यक्रम अधिकारी तरुण साहू के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के वरिष्ठ स्वयंसेवक हरीश साहू, युवराज साहू, अभिनव झा, मोहम्मद आयाद खान, चेतन कुमार ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया और अन्य युवाओं को भी रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया। रक्तदाता स्वयंसेवकों को जिला प्रशासन दुर्ग द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

# आत्मानंद विद्यालय भूकेल में स्टॉफके सदस्यों की गोदभराई

**बसना( समय दर्शन )।** बसना विकासखण्ड अंतर्गत स्वामी आत्मानंद हायर सेकण्डरी विद्यालय भूकेल में विद्यालय के शिक्षिकाओं के लिए एक नयी पहल शुरू किया गया है। प्राचार्य चक्रधर पटेल ने बताया कि स्कूल के 2 शिक्षिका श्रीमती रेवती साहू व्याख्याता एवम श्रीमती पंकजिनी कर व्याख्याता मातृत्व अवकाश पर जाने के पूर्व स्टाफके सभी सदस्यों ने दोनों शिक्षिकाओं का गोदभराई कार्यक्रम आयोजित किया गया । क्योंकि विद्यालय भी एक परिवार है।



फिर आत्मानंद स्कूल के कक्षा 6 वो से 12 वीं तक इंग्लिश एवम हिंदी मीडियम के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने मिलकर उपहार के साथ गरिमामय वातावरण मे गोददभराई की रस्म सम्पन्न की गई।

इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य डी के मरावी , एन पी नायक , एन एल पटेल , एस डी वर्गे , श्रीमती पूर्णिमा देवांगन , श्रीमती रेणुका देवी भोई , मिस रिया पटेल द्वारा आने वाले दिनों के लिए एवम जच्चा बच्चा दोनों के सुखद भविष्य के लिए मंगलकामनाएं की गई। साथ ही सभी विद्यालयों में एक पारिवारिक सौहार्द्र पूर्ण वातावरण निर्मित हो इसलिए स्टॉफ के सदस्यों के प्रति विद्यालय भी अपना परिवार लगे इस प्रकार की कामना की गई। उक्त अवसर पर विजय शंकर विशाल ने मंच का संचालन किया गया। एवम सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की पूर्ण सहभागिता रही। अंत में सभी के लिए भोजन की व्यवस्था भी थी जिसका सभी ने पारिवारिक वातावरण में आनंद लिया, एवम इस कार्यक्रम के लिए प्राचार्य चक्रधर पटेल ने सभी का आभार व्यक्त किया । उक्त जानकारी सुरेश साहू ने दी।

# ग्राम पंचायत ने लिखित में विरोध किया कोलवासरी का, जनसुनवाई संपन्न

**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** मस्तूरी ब्लाक के रलिया, भिलाई और कुछ ग्राम पंचायत के बीच लगने वाली अरपा कोल बेनीफिकेशन ग्रीनफील्ड लिमिटेड की एक बार टल चुकी जनसुनवाई फिर आयोजित हुई। भिलाई ग्राम पंचायत के सरपंच और सदस्यों ने अपने लेटर पैड पर लिखित आपत्ति प्रस्तुत की साथ ही सैकड़ो की जनसंख्या में ग्रामीणों ने लिखित विरोध पत्र सौंप। एक तरफ कोलवासरी का विरोध था तो दूसरी ओर वासरी प्रबंधन ने इवेंट मैनेजमेंट के तहत काम करते हुए अपने लिए समर्थन भी जुटाया था।




पिछले कुछ साल से जनसुनवाईयां इवेंट मैनेजमेंट का प्रोपगेंडा बनती जा रही है। कंपनियां बाहरी पीआर कंपनियों को हायर करती है और हर वह तरीका अपना आती है जिससे सब कुछ आसान हो जाए यही कारण है कि किसी भी जनसुनवाई से पहले मीडिया भी दो खेमा में बटा दिखाई देता है। मस्तूरी क्षेत्र में साल भर पहले अडानी का एक जनसुनवाई हुआ था यह जनसुनवाई भी पीआर कंपनी द्वारा प्रायोजित दिखाई दे रही थी। यहां तक की राजस्व और पुलिस प्रशासन के अधिकारी इवेंट मैनेजमेंट का हिस्सा बने दिखाई देते हैं। एक ओर कोई साधारण किसान अपने खेत के एक टुकड़े को फ्लाई ऐश विक्स निर्माण के लिए व्यापवर्तन करना चाहे तो यह संभव नहीं है। दूसरी ओर कोई कंपनी क्षेत्र में दो दर्जन किसानों से खेती की जमीन खरीदे और उसका व्यापवर्तन कराना चाहे तो हो जाता है। यही अंतर है किसान और उद्योगपति के बीच।

# राज्य स्तरीय कूडो चैंपियनशिप में महासमुंद जिले 15 खिलाड़ियों ने जीता पदक



**महासमुन्द ( समय दर्शन )।** चतुर्थ राज्य स्तरीय कूडो चैंपियनशिप का आयोजन दिनांक 23 अगस्त से 24 अगस्त तक स्वामी विवेकानंद सभा गृह दुर्ग मे आयोजित किया गया ।जिसमे महासमुंद जिले से 15 खिलाड़ियों ने भाग लेकर 5 स्वर्ण एवं 7 रजत तथा 3 कांस्य पदक जीतकर अपने जिले का नाम रौशन किया।

जिसमें उपेंद्र प्रधान ,मीरा पंडा, राकेश साहू,सौरांश सिंग,पायल साहू स्वर्ण पदक अनन्या प्रधान, पूनम साहू ,संजना मुन्ना ,मंजू खूंटे ,हरिशंकर देवांगन ,वामदेव ठाकुर रजत पदक योगिता खूंटे, रोशनी यादव, कृतिका यादव, कांस्य पदक प्राप्त किए है। कूड़ो एसोसिएशन महासमुंद के अध्यक्ष मीरा पंडा ने बताया कि, यह खेल छत्तीसगढ़ शासन और भारत सरकार से मान्यता प्राप्त खेल है। जिसमें मेडल लगने पर शासन द्वारा खिलाड़ियों को नगद राशि से सम्मानित किया जाता है । राज्य स्तरीय कूडो चैंपियनशिप में विजेता खिलाड़ी आगामी अक्टूबर माह में होने वाले राष्ट्रीय कूड़ो चैंपियनशिप जो कि गुजरात मे होने वाली है, उसमें छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे ।

जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार घृतलहरे खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद ने जानकारी दी।

# जिला अस्पताल दुर्ग के ब्लड सेंटर में ब्रह्माकुमारी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

- मनुष्य कितनी भी संपत्ति बना ले उसे रक्त की आवश्यकता होगी तो मनुष्य की ओर ही देखेगा-अभिजीत सिंह (कलेक्टर दुर्ग )
- दादी प्रकाशमणि ऐसी रियल डायमंड थी,जो भी उनसे मिलते थे उन्हें दादी से लाइट और माइट की अनुभूति होती थी -रीटा दीदी




**दुर्ग ( समय दर्शन )।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार 24 अगस्त को जिला अस्पताल के ब्लड सेंटर में विशाल रक्तदान शिविर शुरू हुआ। इस अवसर पर अभिजीत सिंह (कलेक्टर दुर्ग ),डॉ आशीषन मिंज (सिविल सर्जन दुर्ग अस्पताल ) डॉ चुरेंद्र ब्लड बैंक प्रभारी दुर्ग अस्पताल,राज आढ़तिया (नव दृष्टि फाउंडेशन दुर्ग),डॉ पूर्वा रोजिंदार अध्यक्ष (रोटरी क्लब ऑफ़ भिलाई पिनाकल), ब्र.कु. रीटा दीदी , ब्र.कु. रुपाली दीदी ने दीप प्रज्ज्वलित कर रक्तदान अभियान का उद्घाटन किया ।

कलेक्टर दुर्ग ने कहा कि रक्त एक ऐसी शक्ति है जिसकी सृजन करने की शक्ति भगवान ने हम इंसानों को दी है कोई कितना भी धन अर्जित कर ले संपत्ति बना ले उसको रक्त की आवश्यकता पड़ेगी तो मनुष्य के तरफ ही देखेगा आप सभी रक्तदाताओं का जिला प्रशासन की तरफ से धन्यवाद करता हूं जीवन और जीवन की शक्ति ही सर्वोपरि है जीवन रक्षा करने की शक्ति विधाता ने हम मनुष्य को दी है ।इस भाव को हम सभी को अपने जेहन में बिठाकर रखना होगा कि मानवता ही सर्वोपरि है । हेमचंद विश्वविद्यालय के कुलपति संजय तिवारी ने कहा रक्तदान आज के समय में ऐसी नितांत आवश्यकता बन गई है हम देखते हैं पहले और आज की तुलना में सड़क दुर्घटना में कितनी वृद्धि हुई है तो रक्तदान सामाजिक कार्य ही नहीं किंतु यह मानवता की सेवा है । आज इस शिविर में संध्या 6 बजे तक 400 युनिट से अधिक रक्त सभी रक्तदाता द्वारा दी गई ।

यह रक्तदान शिविर संध्या 7:30 बजे तक चलेगी ।

नव दृष्टि फाउंडेशन के प्रमुख राज आढ़तिया ने कहा मेरा इस अभियान में विगत 32 वर्षों से योगदान है अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि एक गरीब बच्ची जो सिकलसेल से पीड़ित थी उसको नियमित रक्त की आवश्यकता होती थी तो पहली बार उसको रक्तदान किया उसके बाद से इस अभियान की शुरुआत हो गई जो सतत् चल रही है मुझे ऐसा लगता है जब हम किसी की जीवन बचाते हैं तो दुनिया में उससे बड़ी संपत्ति और कोई नहीं है । डॉ पूर्वा रोजिंदार अध्यक्ष रोटरी क्लब ऑफ़ भिलाई पिनाकल ने कहा रक्तदान करिए, जीवन बचाइए,

मानवता का फर्ज़ निभाइए ब्रह्माकुमारीज के इस मुहिम से पूरे विश्व में एक बहुत अनोखा संदेश जाएगा और इसका हम हिस्सा बन पाए उसके लिए हम ऋणी है। स्नेहा मित्तल सेक्रेटरी इनरव्हील क्लब दुर्ग ने कहा कि मानव रक्त इतना मूल्यवान है कि एक यूनिट रक्त से तीन - चार मनुष्यों की जान बचाई जा सकती है और समाज में कुछ भ्रांतियां है कि महिलाएं रक्तदान नहीं कर सकती तो ऐसा नहीं है मैं स्वयं समय प्रति समय रक्तदान करती हूं तथा औरों को भी इसके लिए प्रेरित करती हूं ।

ब्रह्माकुमारी दुर्ग की संचालिका रीटा दीदी ने कहा कि इस रक्तदान शिविर का आयोजन भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय,नव दृष्टि फाउंडेशन, रोटरी क्लब ऑफ़ भिलाई पिनाकल,इनरव्हील क्लब दुर्ग एवं ब्लड सेंटर जिला अस्पताल दुर्ग के सहयोग से किया गया। यह रक्तदान शिविर संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासनिका दादी प्रकाशमणि के 18 पुण्यतिथि के अवसर पर किया गया है जैसा नाम यथा गुण दादी प्रकाशमणि रियल डायमंड थी जो भी उनके संबंध संपर्क में आते उन्हें उनकी लाइट और माइट की अनुभूति अवश्य ही होती थी ।

# एनएमडीसी किरंदुल परियोजना ने पिनाबचेली में शुरू किया 10,000 पौधों का विशाल वृक्षारोपण अभियान




## मां के नाम 2.0: पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक एकता को बढ़ावा देगा एनएमडीसी का वृक्षारोपण कार्यक्रम

**एस एच अज़हर अमन पथ दंतेवाड़ा** एनएमडीसी किरंदुल परियोजना ने ग्राम पिनाबचेली में नकुलनार रोड पर मां के नाम 2.0 अभियान के तहत वन रेंज कार्यालय के सहयोग से एक विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन किरंदुल परियोजना प्रमुख श्री रवींद्र नारायण और प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती नमिता नारायण ने पौधरोपण के साथ किया। इस अभियान के तहत एनएमडीसी कर्मचारियों और उनके परिजनों द्वारा 10,000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जिन्हें वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराया गया है। यह पहल पर्यावरण संरक्षण, मातृ सम्मान और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यावरण जागरूकता फैलाने का एक सशक्त प्रयास है। कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र बचेली के रेंज अधिकारी आशुतोष मांडवा, मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन) के.पी. सिंह, महाप्रबंधक (खनन) एस.के. कोचर, एमएमडब्ल्यू यूनियन के अध्यक्ष विनोद कश्यप, सचिव ए.के. सिंह, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) के.एल. नागवेणी, उप महाप्रबंधक (पर्यावरण) श्री अवनीश शर्मा, विभिन्न विभागों के प्रमुख, अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# विश्व आदिवासी दिवस संस्कृति उत्सव में शामिल हूए फुलझरराज के युवा प्रभाग गोंड समाज

**बसना ( समय दर्शन )।** फुलझर राज युवा प्रभाग गोंड समाज के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन बिलाईगढ़ में बड़े उत्साह से सांस्कृतिक समाजिक कार्यक्रम में शामिल हुए । यह अवसर आदिवासी समाज की समृद्ध परंपराओं और गौरवशाली इतिहास को प्रदर्शित करने का माध्यम बना। इस भव्य आयोजन में सरायपाली-बसना के आदिवासी युवा प्रभाग के युवाओं ने पूरे जोश के साथ अपनी सहभागिता के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने भव्य रैली में हिस्सा लिया, जिसमें आदिवासी संस्कृति की झलकियां देखने को मिलीं। रैली के दौरान पारंपरिक नृत्य, गीत और आदिवासी परिधानों की सुंदरता ने सभी को आकर्षित किया।

बिलाईगढ़ राज के आमंत्रण पर युवा प्रभाग को ऐतिहासिक राजमहल का भ्रमण करने का अवसर भी मिला। इस दौरान महल की स्थापत्य कला, इतिहास और सांस्कृतिक धरोहर के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। विशेष क्षण तब आया जब प्रतिभागियों को राजा-रानियों से भेट मुलाकात करने का मौका मिला। यह पल सभी प्रतिभागियों के लिए गौरवपूर्ण और अविस्मरणीय रहा। राज परिवार द्वारा युवाओं को संगठित करने और अपनी संस्कृति को बचाए रखने हेतु विभिन्न मार्गदर्शन दिए द्य

कार्यक्रम के दौरान युवा प्रभाग तथा फुलझर राज से गये सभी समाज प्रमुखों को प्रशस्ति पत्र एवं मेमेंटो देकर सम्मानित किया गया।






वहीं नगर सैनिक के रूप में चयनित पूनम सिदार को भी विशेष रूप से सम्मान प्रदान किया गया। यह उपलब्धि पूरे समाज के लिए गौरव का क्षण रहा। इस आयोजन की विशेषता यह रही कि यह सिर्फ एक सांस्कृतिक उत्सव नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की एकजुटता, संघर्ष और उपलब्धियों को याद करने का अवसर भी रहा। पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों का उत्साह देखने लायक था। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूरा वातावरण आदिवासी संस्कृति के रंग में रंग गया।

आयोजन के अंत में यह संदेश दिया गया कि अपनी संस्कृति और इतिहास को सहेजना ही हमारी असली पहचान है। ऐसे कार्यक्रम समाज में जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने का माध्यम बनते हैं।

संस्कृति, गर्व और उत्साह से भरा यह आयोजन सदैव यादगार रहेगा। इस कार्यक्रम के खास अवसर में दीपक जगत जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ गोंडवाना संघ महासमुन्द ,नरेश सिदार युवा प्रभाग 18गढ़ गोंड समाज, गणेश सिदार अध्यक्ष भंवरपुर सर्कल ,बृजभुषण सिदार, करताल जगत,

युवा प्रभाग में राजेंद्र सिदार, टिकेश्वर मरकाम,सुमंत सिदार, युवराज मरकाम (पेंटर), अर्जुन नेताम, राकेश गढ़तिया, भागीरथी सिदार, विजय पारेश्वर, उमेश सिदार, देव कुमार (पेंटर), रमेश पारेश्वर, दीपक नाग, राकेश पारेश्वर, घसिया सिदार, अजय सिदार, संजय पारेश्वर, पूनम सिदार, भूमिका सिदार, चंद्रिका सिदार, संगीता पारेश्वर, शिवबाई पारेश्वर, दिव्या जगत सहित आदि युवाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### गौवंशों के साथ अमानवीय व्यवहार पर बजरंग दल का आक्रोश, थाने में दर्ज कराई एफआईआर



**राजनांदगांव।** ब्राह्मणपारा वार्ड में मृत नंदी के शव को ट्रैक्टर से बांधकर घसीटे जाने का वीडियो वायरल होते ही शहरभर में आक्रोश फैल गया। घटना पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने नाराजगी जताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। नगर निगम के कर्मी मृत नंदी को उठाने पहुंचे थे, इस दौरान लापरवाहीपूर्वक शव को ट्रैक्टर से बांधकर सड़क पर घसीटा गया। वीडियो सामने आते ही बजरंग दल और विहिप के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जांच की। इसके बाद बड़ी संख्या में कार्यकर्ता थाने पहुंचे और एफआईआर दर्ज कराई। इसी बीच ग्राम लिटिया के गौठान से भी गंभीर लापरवाही सामने आई। आरोप है कि पंचायत द्वारा समस्त गौवंशों को बिना किसी व्यवस्था के गौठान में डाल दिया गया। भोजन-पानी की कमी से आधा दर्जन से अधिक गौवंशों की मौत हो गई, जिनके शव क्षत-विक्षत हालत में पड़े मिले। बजरंग दल ने कहा कि गाय राजनीति का नहीं, आस्था का विषय है। उन्होंने चेतावनी दी कि गौवंश का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इन विषयों को लेकर बजरंग दल विभाग सहसंयोजक सुनील सेन, विहिप जिला मंत्री त्रिगुण सदानी, जिला संयोजक राहुल मिश्रा, सेवा प्रमुख राजू तंवर, जिला विद्यार्थी प्रमुख गगन साहू, जिला सहसंयोजक अंशुल कसार, गौरक्षा प्रमुख प्रिंस हाथीबेड, विहिप गौ रक्षा प्रमुख विकास जागिड़ सहित नगर संयोजक मोहित यादव, अभिषेक शर्मा, दीप यदुवंशी, गौरव शर्मा, राहुल ताम्रकार, प्रतीक गडलवाल, सतरंग ताम्रकार, वेदांश शर्मा, बोनी देवांगन, दीपक सिन्हा, विवेक ताम्रकार, यश सोनी, आशीष सोनी, सत्यम जायसवाल, सागर यादव, प्रणय मुल्लेवर, किस्सू सोनी आदि बड़ी संख्या में बजरंगी उपस्थित रहे।

### एकतरफा प्यार के चलते पीड़िता को जंगल में बांधकर छोड़ने वाला आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा गया




**दंतेवाड़ा, :** किरंदुल पुलिस और सायबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में एकतरफा प्यार के कारण पीड़िता को जंगल में अर्धनग्न अवस्था में बांधकर छोड़ने वाले आरोपी सतीष कुमार मरकाम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। यह घटना 20 जुलाई 2025 को किरंदुल क्षेत्र के ग्राम पेरपा के जंगल में हुई थी, जिसे पुलिस ने गंभीरता से लिया।

पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा गौरव राय के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर और आर.के. बर्मन के मार्गदर्शन में एसडीओपी किरंदुल कपिल चंद्रा के नेतृत्व में जांच शुरू की गई। पीड़िता की नाजुक हालत और घटनास्थल पर बारिश के कारण साक्ष्य मिटने की आशंका के बावजूद, सायबर सेल ने हजारों मोबाइल नंबरों का विश्लेषण कर संदिग्ध सतीष कुमार मरकाम (21 वर्ष, निवासी मुंडीपारा धुरली, थाना भांसी) तक पहुंच बनाई।

पूछताछ में सतीष ने बार-बार बयान बदले, जिससे संदेह गहराया। जांच में पता चला कि सतीष का पीड़िता से 2-3 साल पहले परिचय हुआ था और वह उससे एकतरफा प्यार करता था। एक साल पहले उसने पीड़िता के सामने शादी का प्रस्ताव रखा था, जिसे ठुकरा दिया गया। इसके बावजूद, वह पीड़िता को किसी और से शादी न करने देने के इरादे से घटना वाले दिन जंगल में छिपकर उसका इंतजार कर रहा था। मौका पाकर उसने पीड़िता की आंखों में धूल डालकर उसे बलपूर्वक ले गया और अपमानित करने की नीयत से उसे अर्धनग्न कर बांधकर छोड़ दिया।

23 अगस्त 2025 को सतीष को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस मामले में किरंदुल थाना, सायबर सेल दंतेवाड़ा, बचेली, भांसी और कोतवाली दंतेवाड़ा की टीमों ने एक माह तक लगातार काम किया।

**विशेष योगदान:** थाना किरंदुल: निरीक्षक संजय कुमार यादव, उनि हेमंत साहू, लीलाराम गंगबेर, सउनि अनिता चौधरी, के. सीमाचलम, उत्तम ध्रुव, आरक्षक सोनाराम ताती, धनंजय गंजीर, जोगा कुंजाम, अजय तेलाम, महिला आरक्षक सुरेखा सलाम, सोनिया नेताम।

# बालिका सुरक्षा माह पर विद्यालयीन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

### कार्यक्रम में 9 विद्यालयों के 1500 से अधिक छात्र हुए शामिल



**बेमेतरा ( समय दर्शन )।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के मार्गदर्शन में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत बालिका सुरक्षा थीम पर विद्यालयों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किय गया । रजत महोत्सव पर जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा शनिवार को जागरूकता कार्यक्रम में पलारी एवं बलौदाबाजार विकासखंड के 9 विद्यालयों के 1500 से अधिक छात्र शामिल हुए।

कार्यक्रम अंतर्गत विद्यालयों में बाल अधिकार, बालिका सुरक्षा, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण)अधिनियम 2015,लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, बाल विवाह, साईबर सुरक्षा तथा सोशल मीडिया के बच्चों के बीच बढ़ते चलन के दुष्प्रभावों पर विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई। बाल विवाह विषय पर व्यापक चर्चा करते हुए बाल विवाह के कारण बालिकाओं एवं बालकों पर पड़ने वाले दूरगामी परिणामों पर जानकारी प्रदान कर छात्रों को अवगत कराया गया कि अल्पायु में विवाह होने से बालिकाओं को स्वास्थ्यगत जटिल समस्याओं का सामना करना पड़ता है। विवाह उपरांत अल्प आयु मे गर्भधारण, जोखिमपूर्ण प्रसव, कुपोषित शिशु का जन्म, शिशु एवं मातृ मृत्यु की अधिक संभावना होना जैसे अनेक गंभीर परिणामों का द्योतक बाल विवाह है। विद्यार्थियों को आपात्कालीन सहायता हेतु चाईल्ड हेल्पलाईन नंबर 1098, महिला हेल्पलाईन नंबर 181, 112 पुलिस एवं चिकित्सा सहायता नंबर के संबंध में जानकारी प्रदान की गई एवं छात्रो से अपील की गई कि संकटगस्त को देखरेख अप्रत्यक्ष रूप से इन नंबरो पर फोन कर हम उनकी सहायता प्राप्त कर सकते है।

बालिकाओं के प्रति हिंसा के बढ़ते मामलों से भी विद्यार्थियों का अवगत कराया गया कि बालिकायें सबसे अधिक संवेदनशील तथा सहज लक्ष्य होती है। सोशल मीडिया के माध्यम से आज आपराधिक संगठनों के द्वारा बालिकाओं को नियोजित ढंग से ट्रेप कर मानव तस्करी कर विभिन्न प्रयोजनों के लिए उपयोग किया जा रहा हैं। अंगो की तस्करी,वैष्यावृत्ति एवं घरेलु नौकरो के रूप में बंधक बनाकर कार्य लिया जा रहा है। किशोरवय आयु में हमारे द्वारा लिया गया सही निर्णय हम उज्जवल भविष्य प्रदान कर राष्ट्र की धरोहर बना सकता है एवं भावावेश में लिया गया गलत निर्णय हमारे जीवन को संकटमय अधंकार में ढकेल सकता है।

## किरंदुल में रबी उल अव्वल के आगमन पर मुस्लिम समुदाय ने मनाई खुशी, सुन्नी मदीना मस्जिद में परचम कुशाई की रस्म अदा



**किरंदुल ( समय दर्शन )।** इस्लाम के मुबारक महीने रबी उल अव्वल के आगमन पर मुस्लिम समुदाय में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। यह महीना पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की विलादत (जन्म) का पवित्र महीना माना जाता है। इस उपलक्ष्य में किरंदुल की सुन्नी मदीना मस्जिद में नमाज-ए-मगरिब के बाद परचम कुशाई की रस्म अदा की गई। इस दौरान समुदाय के लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर रबी उल अव्वल की मुबारकबाद दी।

रबी उल अव्वल की पहली तारीख को मुस्लिम समुदाय ने अपने प्यारे रसूल और सबसे बड़े धर्मगुरु हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की पैदाइश की खुशी में झंडा फहराया। इस अवसर पर मुल्क में अमन, सुकून और शांति की दुआएं मांगी गई। कार्यक्रम में सुन्नी मदीना मस्जिद के इमाम मौलाना इकबाल राजा, कारी अब्दुल गफूर हबीबी, सदर जमील खान, शेख नजमुल, सदर अनवर हुसैन, खजांची आदिल खान, सहसचिव फारुख रजा, अहमद अली कमाल अहमद नजीर हुसैन मोहम्मद फिरोज फिरोज रजा रफीक खान अजमल रजा सैयद हसन आरिफ सैयद हसन अजहर सकलेन हाशमी सिबतैन हाशमी जुनेद रजा और जमात के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

यह आयोजन मुस्लिम समुदाय के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि 12 रबी उल अव्वल को पैगंबर-ए-इस्लाम का जन्मदिन मनाया जाता है, जिसे ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के रूप में भी जाना जाता है। समुदाय ने इस पवित्र महीने में एकता और भाईचारे का संदेश देते हुए उत्साह के साथ इस अवसर को मनाया।

## सी.आर.आई. पंप्स को पीएम-कुसुम योजना के तहत महाराष्ट्र में 10,714 सोलर पंपिंग सिस्टम की स्थापना के लिए 320 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला

**रायपुर।** सी.आर.आई. सोलर को, जो सी.आर.आई. पंप्स का एक प्रभाग और नवीकरणीय ऊर्जा-संचालित जल समाधानों में अग्रणी है, महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) द्वारा मैगेल त्याला सौर कृषि पंप योजना के तहत 320 करोड़ रुपये मूल्य के 3 एचपी, 5 एचपी और 7.5 एचपी क्षमता के 10,714 ऑफ-ग्रिड डीसी सौर फोटोवोल्टिक जल पंपिंग सिस्टम (एसपीडब्ल्यूपीएस) के डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग के लिए लेटर ऑफ एम्पैनलमेंट (एलओई) प्रदान किया गया है। एसपीडब्ल्यूपीएस में एक इनबिल्ट आईओटी-सक्षम रिमोट मॉनिटरिंग सिस्टम (आरएमएस) है और यह मरम्मत और रखरखाव को कवर करने वाली 5 साल की वारंटी के साथ आता है। इस पहल से अल्पसेवित और ऑफ-ग्रिड ग्रामीण क्षेत्रों में विश्वसनीय जल उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी, जिससे पारंपरिक ऊर्जा पर निर्भरता में उल्लेखनीय कमी आएगी, सिंचाई विश्वसनीयता बढ़ेगी और कृषि उत्पादकता तथा ग्रामीण समृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। परियोजना के क्रियान्वयन की शुरुआत एमएसईडीसीएल की निर्धारित समयसीमा के अनुसार होगा, जिसमें समय पर, कुशल और उच्च गुणवत्तापूर्ण कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए सी.आर.आई. सोलर को बड़े पैमाने पर सौर तैनाती में अपनी सिद्ध विशेषज्ञता का लाभ मिलेगा। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, सी.आर.आई. के अध्यक्ष, श्री जी. सुंदरराजन ने कहा: एमएसईडीसीएल द्वारा ?320 करोड़ मूल्य का यह पैनलीकरण एक व्यावसायिक उपलब्धि से कहीं अधिक है - यह भारत के किसानों को स्वच्छ, विश्वसनीय और टिकाऊ जल समाधानों से सशक्त बनाने की दिशा में एक मिशन-संचालित कदम है। हमें गर्व है कि हमें नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने में तेजी लाने और महाराष्ट्र की कृषि अर्थव्यवस्था के केंद्र में भरोसेमंद सिंचाई प्रदान करने में इसके साथ सहयोग करने का अवसर मिला है।

## 'भारत बोध 2025' विषय पर दो दिवसीय संगोष्ठी, देशभर के विद्वानों ने रखे विचार



**राजनांदगांव।** प्रबुद्ध परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा आईआईटी भिलाई में 'भारत बोध 2025' विषय पर दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें देशभर के ओजस्वी वक्ता, विद्वान एवं शिक्षाविद शामिल हुए। कुल आठ सत्रों में संपन्न इस संगोष्ठी में भारतीय परंपरा, न्याय, शिक्षा, शोध, साहित्य और अर्थशास्त्र पर गहन चर्चा हुई।

उद्घाटन सत्र में ऑर्गेनाइजर के संपादक प्रफुल्ल केतकर, आईआईटी निदेशक राजीव प्रकाश, प्रांत संघ संचालक टोपलाल वर्मा और प्रबुद्ध परिषद के प्रांत संयोजक अतुल नागले मंचासीन रहे। केतकर ने शोध और बोध के अंतर को स्पष्ट करते हुए कहा कि विदेशी आक्रमणों ने कई सभ्यताओं को मिटा दिया, लेकिन भारत की सांस्कृतिक विरासत आज भी जीवित है।

दूसरे सत्र में विचारक सदानंद दामोदर सप्रे ने भारतीय परंपरा में नारी के स्थान पर प्रकाश डाला। वहीं चौधरी चरण सिंह विवि के प्रोफेसर डॉ. संजीव शर्मा ने न्याय व शासन की भारतीय दृष्टि विषय पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। चौथे सत्र में जेएनयू के प्रो. हीरामन तिवारी ने आधुनिक शिक्षा और भारत विषय पर विचार व्यक्त किए।

दूसरे दिन गोरखपुर विश्व विद्यालय के प्रो. कौस्तुभ नारायण मिश्र ने शोध और अनुसंधान की भारतीय दृष्टि पर उदाहरणों के साथ अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि हम अपनी क्षमताओं को कम आंकते हैं, जबकि विश्व भारत की ओर देख रहा है।

छठवें सत्र में आईआईटी निदेशक राजीव प्रकाश ने कहा कि धर्म, भाषा और राजनीति के नाम पर भारत को तोड़ने की कोशिशें होंगी, इसलिए हमें सावधान रहना होगा। सातवें सत्र में छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी अध्यक्ष शशांक शर्मा ने समकालीन साहित्य में भारत बोध विषय पर अपने विचार रखे। अंतिम सत्र में लेखक और भारतीय आर्थिक-सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक कनक सभापति ने अर्थशास्त्र में स्व की अभिव्यक्ति विषय पर व्याख्यान दिया।

संगोष्ठी में सत्राध्यक्ष के रूप में डॉक्टर सच्चिदानंद शुक्ला, जॉर्ज कुरियन, प्रो. मिलिंद दांडेकर, डॉ. गिरीश चंदेल, डॉ. एडीएन बाजपेई, डॉ. एनवी रमन्ना, वर्णिका शर्मा और अनीता वाजपेई सहित कई विद्वानों ने अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में हेमचंद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजय तिवारी, सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति वीरेंद्र सारस्वत, उच्च शिक्षा संचालक राजेश पांडेय, साइंस कॉलेज दुर्ग के प्राचार्य अजय सिंह, साहित्यकार विनोद मिश्र, स्वरूपानंद महाविद्यालय की प्राचार्य हंसा शुक्ल सहित अनेक प्राध्यापक, साहित्यकार और छात्र उपस्थित रहे।

सत्रों का संचालन डॉ. विकास पंचाक्षरी, ज्योति धारकर, रचना नायडू, डॉ. नवनीत कौर, डॉ. अनुज नारद, डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, आदित्य तामस्कर, अदिश गिरी और प्रणति ने किया। संगोष्ठी में प्रश्नोत्तर सत्र भी रखा गया, जिसमें प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

## किरंदुल एनएमडीसी अस्पताल में जटिल सर्जरी: महिला के पेट से 5 किलो का यूटेराइन फाइब्रॉइड निकाला गया



### आदिवासियों और स्थानीय लोगों को मिल रहा बेहतर स्वास्थ्य उपचार

**दंतेवाड़ा /किरंदुल।** एनएमडीसी किरंदुल परियोजना अस्पताल ने एक बार फिर अपनी चिकित्सा विशेषज्ञता का परिचय देते हुए एक जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम. वी. लाल, डॉ. मनीषा लाल और डॉ. अभिषेक के मार्गदर्शन में डॉक्टरों की टीम ने एक महिला के पेट से 4 से 5 किलोग्राम वजनी यूटेराइन फाइब्रॉइड को सफलतापूर्वक निकाला।

पिछले कई महीनों से मरीज को पेट के आकार में असामान्य वृद्धि की शिकायत थी। परियोजना अस्पताल में परामर्श और जांच के बाद अल्ट्रासाउंड स्कैन में एक विशाल यूटेराइन फाइब्रॉइड का पता चला, जो न केवल मरीज के दैनिक जीवन को प्रभावित कर रहा था, बल्कि अन्य आंतरिक अंगों के लिए भी खतरा बन सकता था। इस जटिल सर्जरी को नर्सिंग स्टाफ सिस्टर निर्मला, रोमियो मसीह, सिस्टर चंद्रकला, विनीता रानडे, वैजयंती और नरोत्तम ध्रुव की सहायता से सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के अधिशासी निदेशक रवींद्र नारायण और उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) के. एल. नागवेणी के निर्देशानुसार, परियोजना अस्पताल न केवल एनएमडीसी कर्मचारियों, बल्कि स्थानीय आदिवासी और ग्रामीण समुदायों को भी उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधाएं, दवाएं और स्वास्थ्य संबंधी मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है। यह अस्पताल क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

इस सफल सर्जरी ने न केवल मरीज को नया जीवन दिया, बल्कि एनएमडीसी किरंदुल परियोजना अस्पताल की चिकित्सा क्षमता और सामाजिक प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया है।

# भाई ने भाइयों को पढ़ाया, अब भाइयों ने भाई को बनाया एम.बी.बी.एस. डॉक्टर



**सारंगढ़ योगेश कुर्रे ( समय दर्शन )** पढ़ाई की कोई उम्र कोई उम्र नहीं है, पढ़ाई में कोई शर्म नहीं है। इस तथ्य को साकार कर रहे हैं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारंगढ में पदस्थ चिरायु के आयुष चिकित्सा अधिकारी सह जिला नोडल अधिकारी (चिरायु) डॉ0 प्रभु दयाल खरे। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) में 2014 से लगातार 11 वर्ष 2 माह से स्कूली व आंगनबाड़ी के बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए सेवा दे रहे डॉ. प्रभु दयाल खरे जिनकी उम्र 44 वर्ष की है, चिकित्सा शिक्षा में होने वाले देश के सबसे बड़े परीक्षा नीट 2025 क्वालीफाई करने के उपरांत एम.बी.बी.एस. अध्ययन हेतु रिम्स मेडिकल कॉलेज रायपुर (छत्तीसगढ़) एलॉटमेंट हुवा है जहाँ डॉ0 खरे अपनी पढ़ाई पूरी करेंगे।

डॉ0 खरे स्वयं 2002 बैच के बी.एच.एम.एस. (होम्योपैथी चिकित्सक) हैं साथ ही बैचलर ऑफसाइंस, फार्मेसी व पोस्ट ग्रेजुएट हॉस्पिटल मैनेजमेंट की डिग्री भी हासिल की है। इनके पिता श्री दुजे राम खरे सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। ये अपने भाई डॉ0 के0डी0खरे (लैपेरोस्कोपिक × रोबोटिक सर्जन, यूरोलॉजिस्ट), डॉ0 जी0डी0 खरे (एनेस्थेसियोलॉजिस्ट), श्रीमती लीमा खरे (क्लेरिकल कैडर- यूको बैंक) को इस ऊँचे मुकाम तक पहुँचाया है। अब इनके भाइयों ने भी इन्हें और ऊंचे ओहदे दिलाने हेतु 44 वर्ष के उम्र में भी इन्हें पढ़ने को प्रेरित करने के साथ साथ मार्गदर्शन करते रहे, तब जाकर डॉ0 खरे जी को ये सफलता मिल पाई है।

इससे यह सिद्ध होता है कि मेहनत और लगन से कोई भी सपना साकार किया जा सकता है। हमेशा अपने लक्ष्य को पहली महत्त्वाकांक्षा बनाकर आगे बढ़ते रहने से सफलता अवश्य कदम चूमेगी।

राज्य में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ की अच्छी छवि बनाये रखने में इनका अहम योगदान रहा है। बच्चों के स्वास्थ्य शिक्षा को ध्यान में रखते हुए ही ये मॉडर्न मेडिसिन के अध्ययन हेतु प्रवेश लिए हैं और एमबीबीएस के अध्ययन पश्चात पोस्ट ग्रेजुएट करने के भी इच्छुक हैं ताकि सारंगढ़ क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान किया जा सके।

अपने इस सफलता का श्रेय अपनी पत्नी श्रीमती संगीता खरे, प्रेरणास्त्रोत पिता श्री दूजेराम खरे, सहयोगी, मार्गदर्शक व एक गुरुजी के समान भाई डॉ0 के0डी0खरे, डॉ0 लीना खरे, डॉ0 जी0डी0 खरे, डॉ0 सुधा खरे तथा परिवार के नन्हें मुन्हे बच्चों को देते हैं जो इनके जॉब के साथ इस कठिन परीक्षा की तैयारी को प्यार व दुलार के साथ आसान बनाने में कामयाब रहे।

# पहली छग खो-खो लीग प्रतियोगिता कवर्धा में 22 जिले के 170 प्रतिभागी अपना जौहर दिखा रहे



**कवर्धा (समय दर्शन)।** आध्यात्मिक नगरी कवर्धा की पावन धरा पर राज्य एवं जिला खोखो संघ के संयुक्त तत्वाधान में 22 से 24 अगस्त 2025 तक आयोजित पहली छत्तीसगढ़ खो खो लीग प्रतियोगिता का शुभारम्भ सांसद संतोष पांडेय एवं रामकुमार भट्ट सभापति जिला पंचायत ने किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र चंद्रवंशी अध्यक्ष जिला भाजपा, जसविंदर बग्गा उपाध्यक्ष जिला भाजपा, सुषमा गणपत बघेल जनपद अध्यक्ष, संतोष पटेल पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत, दिनेश चंद्रवंशी उपाध्यक्ष कबड्डी संघ, सुधीर पांडेय सदस्य राज्य विधिक प्रकोष्ठ, सतविंदर पाहूजा शहर अध्यक्ष थे।

कवर्धा कॉलेज मैदान के इंडोर स्टेडियम में मुख्यअतिथि सांसद श्री पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी एशियाड की तैयारी अभी से कर रहे हैं, खिलाड़ियों की सुविधा, कौशल विकास, पोषण आदि सभी क्षेत्रों में ध्यान दिया जा रहा है। सभी खेल एक ही स्थान पर हो इसके लिए खेल परिसर की मांग लोकसभा में की गई है। जिला उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा ने कहा कि ये सिर्फ खेल नहीं है। बल्कि हमारी गौरवशाली संस्कृति, सामूहिकता भाव, टीम भावना, राष्ट्र निर्माण की भावना का प्रतीक है। रामकुमार भट्ट, दिनेश चन्द्रवंशी व राजेंद्र चंद्रवंशी ने भी प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

प्रतियोगिता के पहले दिन महिला वर्ग के 4 व पुरुष वर्ग के 6 मुकाबले हुए, जिसमें पुरूष वर्ग से ड्रीम पेंथर्स, रॉयल किंग, कल्कि फोर्स, ने जीत दर्ज की। वहीं महिला वर्ग के अग्नि एंजल, धाकड वारियर्स एवं डेंजरस डॉलफिन ने जीत दर्ज की। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत तरुण शुक्ल महासचिव खो खो संघ, राजर्षि पांडेय सचिव खो खो संघ, सचिन डोंगरे, मीनाक्षी अग्रवाल उपाध्यक्ष, फिरोज रहमान, विक्रांत शुक्ला, समीर शुक्ल, श्रीमती रुचि, विभा अग्रवाल, प्रीति पटेल, सम्भ्रिधि यादव, मोहन धुर्वे, भारती मसराम, मुरली रेड्डी द्वारा किया गया। प्रतिभागियों को खेल शपथ प्रीति पटेल राष्ट्रीय खिलाड़ी ने तथा आभार प्रदर्शन मीनाक्षी अग्रवाल ने किया।

जल ही जीवन है इसे व्यर्थ ने बहायें...

## खबर-खास

### शराब सेवन एवं सायरन का प्रयोग करने वाले कार चालक के विरूध्द की गई कार्यवाही



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** निजी वाहनों में सायरना हूटर या अन्य ऐसे सामान का उपयोग करने में पुलिस विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही किया जा था है जिससे आम लोगो को परेशानी हो।ऐसे ही कार्यवाही रविवार को किया गया।जिसमे मिली जानकारी के अनुसार 23 अगस्त को फिंगेश्वर थाना के ग्राम पाली मे बस्ती के अंदर ईनोवा क्रमांक सी.जी.04 एस0बी0 8164 के चालक जयकांत बांधे निवासी परसवानी बलौदाबाजार के द्वारा अपने वाहन इेनोवा को शराब सेवन कर सायरन हुटर बजाते हुये तेज गति से चालते पाये जाने पर वाहन चालक जयकांत बांधे संतलाल बांधे उम्र 25 साल ग्राम परसवानी थाना पलारी जिला बलौदाबाजार के विरूध्द मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 119 (3), 185 के तहत कार्यवाही की गई। प्रकरण में इनोवा वाहन को जप्त कर न्यायालय पेश की गई।

### शीलबंद 5.400 लीटर देशी मंदिरा मसाला शराब के साथ आरोपी को किया गया गिरफ्तार



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** राजिम पुलिस द्वारा शीलबंद 5.400 लीटर देशी मंदिरा मसाला शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया।घटना में मिली जानकारी के अनुसार 24 अगस्त को मुखबिर द्वारा सूचना मिला कि,एक व्यक्ति अपने मो.सा.सिटी 100 क्रं.सीजी 04 एम डी 9416 में भारी मात्रा में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री हेतु परिवहन कर रहा है।इस सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा टीम तैयार कर मुखबीर द्वारा बताएं स्थान पहुंचे। इसी दौरान फॉरेस्ट ऑफिस के आगे बेलटुकरी रोड नवनिर्मित पेट्रोल पंप राजिम में एक नीला रंग के मो. सायकाल सिटी 100 क्रमांक सीजी 04 एम डी 9416 के चालक को रोक कर पूछताछ करने पर अपना नाम पवन कोसरे उर्फ गरीबा पिता दसरूराम कोसरे उम्र 50 वर्ष निवासी रवि नगर रोहिणा थाना राजिम का रहना बताया। जिसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से सफेद रंग के प्लास्टिक के बोरी में रखें 30 नग देशी मंदीरा मसाला शराब 180-180 एमएल शराब भरा हुआ शीलबंद 5.400 लीटर किमती 3000/- रूपये एवं शराब परिवहन हेतु प्रयुक्त मो.सा. सीजी 04 एम डी 9416 किमती 20,000/-जुमला किमती 23,000/- रूपये को समक्ष गवाहों के आरोपी के कब्जे से जप्त किया।आरोपी का कृत्य धारा 34(2) छ.ग. आबकारी एक्ट का घटित करना पाये जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### फिट इंडिया पहल के तहत गरियाबंद पुलिस द्वारा ''फिटनेस का डोज, आधा घण्टा रोज'' नारे के साथ सभी को हमेशा फिट रहने का संदेश देते हुए निकाली साइकिल रैली

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में आज खेलो इंडिया योजना के फिट इंडिया पहल के तहत गरियाबंद पुलिस द्वारा फिटनेस को हमारी दिनचर्या में शामिल करने के उद्देश्य से आज 24 अगस्त 2025 को स्ह्वठ्ठस्त्रड्ड4 श्ठ्ठ ष्4ष्द्य अभियान का सामुदायिक गतिविधियों और जन जागरूकता अभियानों के माध्यम से *''फिटनेस का डोज, आधा घण्टा रोज''* नारे के साथ पुलिस परेड ग्राउण्ड गरियाबंद से आज दिनांक 24 अगस्त 2025 प्रात: 07:00 बजे गरियाबंद के वरिष्ठ अधिकारियों एवं अन्य पुलिस जवानों के द्वारा साइक्लिंग के फायदे एवं सड़क में साइकिल चलाते समय रखी जाने वाली सावधानी आदि जानकारी के साथ साइकिल रैली पुलिस परेड ग्राउण्ड से तिरंगा चौक होते हुए नगर भ्रमण कर पुलिस परेड ग्राउण्ड में कार्यक्रम की समापन किया गया।

गरियाबंद पुलिस का आम जनों से अपील हमेशा फिट रहने और अपने स्वास्थ्य को हेल्दी बनाए रखने के लिए। प्रतिदिन सुबह आधा घंटा साइकिल चलाकर लोगों को संदेश दें।

# आदि कर्मयोगी अभियान : जनजातीय नेतृत्व की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल - कलेक्टर उइके

### जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम एवं पत्रकार वार्ता आयोजित



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** जनजातीय कार्य मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा गरियाबंद जिले में 'आदि कर्मयोगी अभियान' की शुरुआत की गई है,जो कि आदिवासी समुदायों के समग्र विकास हेतु एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। यह अभियान प्रधानमंत्री जी द्वारा शुरू किए गए 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' का अगला चरण है।इसका उद्देश्य अनुसूचित जनजातियों को मूलभूत सेवाओं और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है।

कलेक्टर भगवान सिंह उइके की अध्यक्षता में आज आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम एवं पत्रकार वार्ता का आयोजित की गई।जिसमें कलेक्टर श्री उइके ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 2 अक्टूबर 2024 को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया गया था,जिसका उद्देश्य अनुसूचित जनजातियों को विकास एवं कल्याण से जुड़े हुए प्रमुख योजनाओं की संतृप्ति सुनिश्चित करना है।इसी के क्रम में भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा 10 जुलाई 2025 को आदि कर्मयोगी अभियान का शुभारंभ किया गया है,जिसकी परिकल्पना विश्व के सबसे बड़े जनजाति नेतृत्व के आंदोलन के रूप में की गई है। इस अभियान के अंतर्विभागीय समन्वय और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से लागू किया जा रहा है। यह अभियान कैडर आधारित मॉडल एवं अंतर विभागीय अभिसरण पर आधारित है, जो कि उत्तरदायी शासन एवं योजना निर्माण को संस्थागत रूप देने तथा आदिवासी क्षेत्रों में अंतिम छोर तक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने हेतु लक्षित है।इस दौरान आदिम जाति कल्याण विभाग सहायक आयुक्त नवीन भगत ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत जिले के 5 विकासखंड के 334 आदिवासी बाहुल्य ग्रामों के 64 हजार 877 आदिवासी परिवारों को 17 मंत्रालय के 25 योजनाएं जैसे-आवास,सड़क,स्वास्थ्य,शिक्षा, रोजगार आदि से लाभान्वित किया जाएगा। जिसके तहत जिला स्तर पर 7 ट्रेनर,ब्लॉक स्तर पर 35 ट्रेनर एवं प्रत्येक ग्राम से न्यूनतम 20 आदि साथी, सहयोगी (अशासकीय संस्थाएं, स्व-सहायता समूह, पंचायत सचिव, युवा, पंच, फ्रंट लाईन कर्मचारी एवं सेवाभावी संगठन, स्वयंसेवक) तैयार किये जाएंगे। ''आदि कर्मयोगी अभियान'' के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम एक सुव्यवस्थित और निरंतर प्रक्रिया का अनुसरण करता है। जिसके तारतम्य में सर्वप्रथम क्षेत्रीय प्रक्रिया प्रयोगशाला भोपाल में राज्य के 9 मास्टर ट्रेनर 7 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किये तत्पश्चात गरियाबंद जिले के संबंधित विभागों के 7 मास्टर ट्रेनर राज्य स्तरीय प्रकिया प्रयोगशाला रायपुर में 4 दिवसीय का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके है एवं जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर का 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी सप्ताह में दिया जाएगा।प्रशिक्षण के पश्चात ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर ग्राम स्तर से चयनित आदि सहयोगी एवं आदि साथी को प्रशिक्षण देंगे।इसके पश्चात ग्राम स्तर पर कैडर चयन कर (न्यूनतम 20 व्यक्ति) ग्राम के सचिव, पंच,स्वसहायता समूह, वन अधिकार समिति, उस क्षेत्र के वनवासी,आदिवासी के कल्याण एवं उत्थान हेतु कार्यरत संस्था, संगठन, युवा और स्थानीय समुदाय के लोगों को जोड़ा जाएगा। जिनका चयन आदि साथी, सहयोगी के रूप में होगा वे चिन्हांकित ग्रामों में बुनियादी सुविधाएं जैसे-आवास,सड़क, पेयजल,स्वच्छता,शिक्षा,स्वास्थ्य आदि के लिए क्रिटिकल गैप को चिन्हांकित करने, शासन के विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं लाभ दिलाने तथा सतत् रूप से इन ग्रामों के परिवारों के साथ लगातार संपर्क रखते हुये ग्राम विकास योजना के निर्माण में कार्य करेंगे और इन परिवारों की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

इस अभियान के तहत लाईन विभागों (वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के साथ समन्वय के साथ कार्य करेंगे। इस अभियान अंतर्गत चिन्हांकित प्रत्येक ग्राम में आदि सेवा केन्द्र की स्थापना की जाएगी। जिसमें सभी विभागों से मिलने वाली योजनाओं की जानकारी एकल खिड़की के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा। अभियान के अंतर्गत सेवा पर्व एवं आदि कर्मयोगी सेवा अभियान का आयोजन दिनांक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा। जिसका उद्देश्य सेवा समर्पण एवं सुशासन की भावना के साथ जमीनी स्तर के अधिकारियों-कर्मचारियों को सशक्त कर नेतृत्व क्षमता को बढाना तथा ग्राम स्तर पर शासकीय सेवाएं उपलब्ध करना है।

## कैमरून इंटरनेशनल चैलेंज में आकर्षी कश्यप ने जीता कांस्य पदक

**दुर्ग।** भारत की अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी आकर्षी कश्यप ने अपने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कैमरून इंटरनेशनल चैलेंज-2025 में कांस्य पदक अपने नाम किया। यह टूर्नामेंट 21 से 24 अगस्त तक कैमरून की राजधानी याओंडे में आयोजित की गई। आकर्षी ने पहले राउंड में युगांडा की खिलाड़ी को मात दी। इसके बाद दूसरे दौर में उन्होंने स्विट्ज़रलैंड की खिलाड़ी को पराजित किया। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने एक भारतीय खिलाड़ी को सीधे गेम्स में हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। हालाँकि सेमीफाइनल में उन्हें इंडोनेशिया की खिलाड़ी से पराजय का सामना करना पड़ा और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। अपने प्रदर्शन पर खुशी जताते हुए आकर्षी ने कहा कि मैं इस टूर्नामेंट में अपने खेल और अनुभव से संतुष्ट हूँ।


### नाम परिवर्तन

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मैं ओम प्रकाश मेश्राम (OM PRAKASH MESHRAM) पिता योगश्वर पता -ए-115, वार्ड नं.16 कर्मचारी नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) 491001 मै यह शपथ करता हूं कि मैने अपना पुराना नाम ओमप्रकाश (OMPRAKASH) को त्याग कर नया नाम ओम प्रकाश मेश्राम (OM PRAKASH MESHRAM) रख लिया हूं। अतः आज दिनांक से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजो में मेरो नए नाम ओम प्रकाश मेश्राम (OM PRAKASH MESHRAM) के नाम से ही जाना वह पहचाना जावें।

**ओम प्रकाश मेश्राम**
**पिता योगेश्वर**
**पता -ए-115, वार्ड नं.16**
**कर्मचारी नगर दुर्ग**

### कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, रायपुर छत्तीसगढ़

Near Khalsa School, Pandari Raipur (C.G)
Contact No. : 0771-2582223(0), Toll Free No. 18002330008,
E-mail: eerpr-phe-cg@nic.in

क्रमांक 4303/ स्था.शा./ का.अ./ लो.स्वा.यां./ खण्ड/ 2025 रायपुर, दिनांकः 21/08/2025

**// विभागीय जांच के तामिली की अंतिम सूचना //**

प्रति,

श्री ठाकूर सोनानी,
चौकीदार,
पता श्रमवीर चौक, उड़ियापारा वार्ड नम्बर 23,
दल्लीराजहरा जिला बालोद (छ.ग.)
पिन कोड - 766001

आप दिनांक 16.04.2022 से बिना किसी सूचना के कार्यालय से लगातार अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है। लगातार अनुपस्थित रहने के कारण आपके विरूद्व अधीक्षण अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रायपुर मण्डल रायपुर के पत्र क्रमांक 877 / स्था. शा/ दिनांक 22.04.2025 के द्वारा विभागीय जांच संस्थित की गई है। इस विभागीय जांच के पत्र तामिली हेतु अनेको बार आपके सेवापुस्तिका में दर्ज पते एवं कार्यालय में उपलब्ध अन्य पते पर निरंतर पत्र लिखे गये है एवं यह समस्त पत्र आपके द्वारा उपरोक्त पते पर निवास न किये जाने कारण वापस आ गये है।

अतः समाचार पत्र के माध्यम से आपको विभागीय जांच के तामिली हेतु अंतिम सूचना दी जाती है। तामिली सूचना प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस की अवधि में कार्यालयीन समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अन्यथा विभाग द्वारा एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगीं, जिसके लिए आप पूर्णतः जिम्मेदार होगें।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**रायपुर (छ.ग.)**

G-252602997/1


# भोरमदेव थाना परिसर में हंगामा करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



### पुलिस ले दी कानून हाथ में लेने वालों को दी सख्त चेतावनी

**कवर्धा (समय दर्शन)।** पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकगण पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के निर्देशन और डीएसपी मुख्यालय आशीष शुक्ला के पर्यवेक्षण में भोरमदेव थाना पुलिस ने शनिवार रात थाना परिसर में अनुशासन भंग कर हंगामा करने और शासकीय कार्य में बाधा डालने वाले तीन आरोपियों दीपक उर्फ छोटका चंद्रवंशी, नवीन साहू और गौतरिहा यादव को त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

शनिवार दोपहर आरोपी दीपक उर्फ छोटका चंद्रवंशी अपने दो साथियों के साथ थाने में घुस आया। उसने एक व्यक्ति को शराब पिलाकर वहां लाया और ड्यूटी पर मौजूद अधिकारियों पर दबाव बनाने का प्रयास किया कि किसने उसके साथी को जेल भेजा है। आरोपी अत्यधिक उत्तेजित था और गंदी गंदी गलियां दे रहा था। इस दौरान पुलिसकर्मियों के कार्य में गंभीर बाधा उत्पन्न हुई और थाना परिसर में तनावपूर्ण स्थिति बन गई।

नवीन साहू और श्री यादव ने भी दीपक का साथ देते हुए थाने के अनुशासन को भंग किया तथा अफरा-तफरी का माहौल बनाया। यह आचरण न केवल कानून व्यवस्था के विरुद्ध था, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का दुस्साहस भी था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल प्रभाव से तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया और उनके विरुद्ध शासकीय कार्य में बाधा डालने सहित अन्य गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। भोरमदेव में अतिरिक्त बल आ रहा है, सुनने पर आरोपियों वहां से भाग गए।

**कानून तोड़ने वालों की मंजिल केवल जेल होगी- धर्मेन्द्र सिंह**

पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि थाना परिसर में अनुशासन भंग करने, पुलिस कार्य में बाधा डालने या कानून हाथ में लेने का प्रयास करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होने कहा कि जिले के सभी असामाजिक तत्वों के लिए सख्त संदेश है कि पुलिस कानून के साथ किसी भी प्रकार की खिलवाड़ सहन नहीं करेगी। कानून तोड़ने वालों की मंज़िल केवल जेल होगी।


### कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग दुर्ग

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

ज्ञाप क्र. 5712 / नि.प्र. क्र.- 06/लो.नि.वि./2025-26 दुर्ग, दिनांक 20/08/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य का विद्युतीकरण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 01/09/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 10/09/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 11/09/2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि में अवकाश हो या अधोहस्ताक्षरकर्ता शासकीय दौरे पर हो तो निविदा आगामी कार्य दिवस मे खोली जावेगी।

| स.क्र./ निविदा क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| (1) T0081 | Providing Electrification work in Proposed office Building of Honerable Speaker, C.G. Government (Existing Old C.M. House office Building) at Kawardha, District Kabirdham | 8.00 Lacs |
| (2) T0082 | Providing E/F work of Special Repair to Rest House Building Chilphi Block- Bodla, District Kabirdham | 0.49 Lacs |
| (3) T0083 | Providing and Fixing Internal Electrification of RTO Checkpost at Bada Manpur Block Manpur, District- MMAC | 4.08 Lacs |
| (4) T0084 | Electrification work for Maintenance of Air Conditioning unit at Eye OT, Blood Donate / Testing / Storage Room and Medicine Block of 1st Floor C.C.M. Medical College Hospital Building Kachandur Durg, District Durg | 2.47 Lacs |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र मे उपलब्ध है। निविदा संबंधी अन्य शर्तें का अवलोकन संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

टीपः- (1) आबंटन प्राप्त होने पर ही देयक का भुगतान किया जायेंगा।

जी- 252603019/3

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (वि./ यां.) संभाग दुर्ग**


स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर, समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालयः-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25




# तीजा पर्व



## सभी माताओं- बहनों और प्रदेश वासियों को तीजा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

### महतारी वंदन योजना
69.19 लाख से अधिक महिलाओं को
₹11,728 करोड़ की सहायता

### सखी वन स्टॉप सेंटर
SOP लागू करने वाला पहला राज्य,
संकटग्रस्त महिलाओं को तत्काल सहायता,
परामर्श और कानूनी मदद

### यूनिटी मॉल
महिला स्व-सहायता समूहों को नवा रायपुर में
उत्पादों के विक्रय हेतु मिलेगा व्यापक बाज़ार

### मानदेय सीधे बैंक खातों में
आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय अब
सीधे बैंक खातों में भुगतान से पारदर्शिता

### महतारी सदन
ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु
सभी ग्राम पंचायतों में उद्यम-व्यवसाय केंद्र की स्थापना

### छत्तीसगढ़ महिला कोष
महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक विकास
के लिए वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण

### सक्षम योजना
विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा और अविवाहित
महिलाओं को स्वावलंबन के लिए सहयोग

### लखपति दीदी योजना
प्रत्येक जिले में 35,000
महिलाओं को प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता
देकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना

### बिहान योजना
इसका उद्देश्य ग्रामीण गरीबों को स्वयं सहायता
समूहों (SHGs) के माध्यम से संगठित करना,
वित्तीय सेवाएँ उपलब्ध कराना और उन्हें सशक्त
बनाना है

### मिनीमाता महतारी जतन योजना
पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिकों को प्रसव
के बाद ₹20,000 की आर्थिक सहायता

### मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना
18 से 50 वर्ष की महिला श्रमिकों को
सिलाई मशीन हेतु सहायता

## सुशासन से समृद्धि की ओर



**सशक्त महिलाएं** **समृद्ध छत्तीसगढ़**

हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क | Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in